BRLF

भारत रूरल लाइवलीहुड्स फाउंडेशन

वार्षिक रिपोर्ट 2020-21

सरकार से साझेदारी में स्वयं सेवी संस्थाओं
के कार्य के विस्तार हेतु भारत सरकार द्वारा
स्थापित एक स्वायत्त संस्था

बीआरएलएफ

भारत रूरल लाइवलीहुड्स फाउंडेशन

वार्षिक रिपोर्ट
2020-21

विषय-सूची की तालिका

अध्यक्ष का संदेश 4

1. बीआरएलएफ के बारे में 7
   - 1.1 पृष्ठभूमि 7
   - 1.2 बीआरएलएफ–मूल्य प्रस्ताव 7
   - 1.3 बीआरएलएफ के मुख्य स्तंभ 8
   - 1.4 बीआरएलएफ की शासन–व्यवस्था 9
   - 1.5 बीआरएलएफ की संगठनात्मक संरचना 10
   - 1.6 पारदर्शिता एवं जवाबदेही 11

2. कार्यक्षेत्र में बीआरएलएफ के कार्य 13
   - 2.1 पृष्ठभूमि 13
   - 2.2 प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन 14
   - 2.3 कृषि 15
   - 2.4 महिलाओं के नेतृत्व वाले जन–संस्थान 15
   - 2.5 जमीनी स्तर पर क्षमता निर्माण 16
   - 2.6 पशुधन 16
   - 2.7 अधिकार एवं हक 17
   - 2.8 बीआरएलएफ की कोविड–19 पर प्रतिक्रिया 19

3. बीआरएलएफ–उच्च प्रभाव वाली परियोजनाओं के लिए राज्य सरकार के साथ सहभागिता 23
   - 3.1 छत्तीसगढ़ में उच्च प्रभाव वाली मेगा वाटरशेड परियोजना 23
   - 3.2 जीवी दाह हासा, झारखंड में उच्च प्रभाव वाली मेगा वाटरशेड परियोजना 27
   - 3.3 पश्चिमी ओड़िशा के जनजातीय क्षेत्रों में कृषि उत्पादन समूहों को प्रोत्साहन 31
   - 3.4 ऊषर–मुक्ति– पश्चिम बंगाल राज्य के पश्चिमी भाग में वाटरशेड प्रणाली में मनरेगा का प्रभावकारी क्रियान्वयन 36
   - 3.5 झारखण्ड व मध्य प्रदेश के विशिष्टतः असुरक्षित जनजातीय समूह (पीवीटीजी) के जीवन को रूपांतरित करने हेतु नागरिक समाज क्रिया को सुदृढ़ करना 41
   - 3.6 बोडोलैंड प्रादेशिक परिषद (बोडोलैंड टेरिटोरियल काउंसिल) तथा बीआरएलएफः एक नया संबंध 43

4. सीएसओ भागीदारों की विषय–क्षेत्र संबंधी तकनीकी सहायता 44
   - 4.1 सहभागी भू–जल प्रबंधन (पीजीडब्ल्यूएम) 44
   - 4.2 गैर–कीटनाशक प्रबंधन (एनपीएम) 47
   - 4.3 विमुक्त/घुमंतू (डीएनटी/एनटी) जनजातीयां 48

4.4 वनाधिकार कानून (एफआरए) के तहत सामुदायिक वनाधिकार (सीएफआर) पर कार्य 49
4.5 सीएफआर पर तेलंगाना सरकार के साथ संभावित भागीदारी 51

5. जनजातीय मामले मंत्रालय का श्रेष्ठता केंद्र–बीआरएलएफ 53

5.1 मोटा के नागरिक सामाजिक संगठनों का चयन 53
5.2 नागरिक सामाजिक संगठनों के चयन के विभिन्न चरण 54
5.3 शोध अध्ययन 54

6. क्षमता निर्माण 55

6.1 ग्रामीण आजीविका में प्रमाणपत्र कार्यक्रम (सीपीआरएल) 55
6.2 ग्रामीण प्रबंधन में एमबीए 58
6.3 अल्पकालिक पुनश्चर्या (रिफ्रेशर) प्रमाणपत्र कोर्स 59
6.4 डिजिटल टूल्स के माध्यम से कार्यक्षमता वृद्धि (ईडीआईटी) 60

7. अनुसंधान और ज्ञान प्रबंधन 64

7.1 मध्य भारत के जनजातीय क्षेत्र में शासन–विधि सुधार और आजीविका के लिए नागरिक समाज–राज्य–समुदायों की भागीदारीः पश्चिम बंगाल में बीआरएलएफ के ऊषर–मुक्ति कार्यक्रम पर एक अध्ययन 64
7.2 योजना "अनुसूचित जनजातियों के कल्याण के लिए कार्यरत स्वैच्छिक संगठनों को सहायता अनुदान (ग्रांट इन एड)" का मूल्यांकन अध्ययन। 66
7.3 जनजातीय विकास रिपोर्ट 67
7.4 एक उच्च प्रभाव वाली आजीविका सुधार परियोजनाः आधारभूत अध्ययन 67
7.5 आंकड़े और प्रलेखीकरण 68
7.6 प्रकाशन 68

8. संसाधन संग्रहण 69

9. वित्त एवं लेखा 70

9.1 वित्त वर्ष 2020–21 के लिए संपरिक्षित लेखा 70
9.2 वित्त वर्ष 2021–22 के लिए बजट का अनुमान 70
9.3 अंकेक्षण 70
9.4 वैधानिक अनुपालन 70
9.5 बीआरएलएफ की कोर्पस/दान निधि का परिनियोजन 70
9.6 बीआरएलएफ की वित्त एवं अंकेक्षण समिति (एफएसी) की बैठक 70
9.7 भागीदारों के अनुदान के वित्तीय प्रबंधन तथा अनुदान भागीदारों के अंकेक्षण के लिए ऑनलाईन मॉड्यूल 71
9.8 गैर सरकारी संगठनों के लिए वित्त शिक्षा पहल 71
9.9 वित्त वर्ष 2020–21 के लिए वित्तीय विवरण 71

अध्यक्ष का संदेश

वर्ष 2020–21 के लिए भारत रूरल लाइवलीहुड्स फाउंडेशन (बीआरएलएफ) की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए मुझे प्रसन्नता हो रही है। अन्य वर्षों की तरह इस वर्ष भी सभी मोर्चों पर विकास हुआ है। मार्च 2021 पर, बीआरएलएफ ने आजीविका के विभिन्न क्षेत्रों के लिए मध्य भारत के 8 राज्यों में 86 जिलों के 251 प्रखण्डों के 9,974 गांवों, 2,614 ग्राम पंचायतों के 7.05 लाख परिवारों के लिए के लिए संचयी पहुँच बनाई है। परिवारों को लाभान्वित करने में प्रारंभ से लगभग 3 गुणा वृद्धि हुई है। लगभग 80% महिलाओं को लाभान्वित करने पर ध्यान दिया गया है तथा लगभग 76% अनुसूचित जनजातीय परिवार लाभान्वित हुए हैं। इसकी विस्तार प्रक्रिया में, कार्यक्रम संबंधी निधि में भी प्रभावशाली तरीके से वृद्धि हुई है तथा अब यह रु. 2119.5 करोड़ संचयी है। यह अर्जित करने के लिए, बीआरएलएफ ने कुल रु. 109.41 करोड़ का निवेश किया है। इसका तात्पर्य है कि बीआरएलएफ द्वारा निवेश किए गए प्रत्येक रुपए के लिए, यह सरकारी और गैर–सरकारी स्रोत से लगभग रु. 24 उत्तोलन जुटाया गया है जो कार्यक्षेत्र में व्यय किया गया है।

अति महत्वपूर्ण कदमों में से, बीआरएलएफ ने गत कुछ वर्षों में वृहत स्तरीय परियोजनाओं के लिए राज्य सरकारों के साथ भागीदारी में प्रवेश किया है।

अति महत्वपूर्ण कदमों में से, बीआरएलएफ ने गत कुछ वर्षों में वृहत स्तरीय परियोजनाओं के लिए राज्य सरकारों के साथ भागीदारी में प्रवेश किया है। झरनाधारा कार्यक्रम और फिर ऊषरमुक्ति कार्यक्रम के लिए पश्चिम बंगाल सरकार के साथ प्रारंभ करते हुए, बीआरएलएफ ने छत्तीसगढ़, ओड़िशा तथा झारखण्ड की सरकारों के साथ औपचारिक भागीदारी में प्रवेश किया है। यह भागीदारी नागरिक सामाजिक संगठनों (सीएसओ) को बड़े स्तर पर सक्षम बनाने से, और सरकार के साथ कार्य करने के लिए समर्थ बनाती है। पश्चिम बंगाल में, बीआरएलएफ ने "आज के वेतन" को "कल की आजीविका" में रूपांतरित करने के लक्ष्य के साथ राज्य के पश्चिमी भाग के 55 प्रखण्डों में मनरेगा के माध्यम से वारटशेड कार्य के कार्यान्वयन के लिए सहभागिता से वृहत स्तरीय परियोजना हेतु 2017 में मनरेगा आयुक्त से संपर्क किया गया था। इस कार्यक्रम का नाम ऊषरमुक्ति है जिसमें वृहत सफलता प्राप्त हुई है और गत 4 वर्षों में कुल 1,099.28 करोड़ रुपये का उत्तोलन प्राप्त हुआ था, और 5.46 करोड़ व्यक्ति–दिवस रोजगार का सृजन गया है, क्षेत्र के कुछ छोटे किसानों के लिए परिसंपत्तियों का निर्माण किया गया है तथा वातावरण अनुकूलन के साथ संधारणीय आजीविका सुनिश्चित की जा रही है। ऊषरमुक्ति अन्य राज्य सरकारों के लिए एक प्रेरणा–स्रोत बन गया है। छत्तीसगढ़ में, मनरेगा आयुक्त ने ऊषर मुक्ति परियोजना का दौरा करने के पश्चात बीआरएलएफ से संपर्क किया तथा सुझाव दिया कि बीआरएलएफ छत्तीसगढ़ राज्य में भी इस प्रकार की भागीदारी प्रारंभ करे। बीआरएलएफ, एक्सिस बैंक फाउंडेशन तथा छत्तीसगढ़ सरकार ने साथ मिलकर छत्तीसगढ़ मेगा वाटरशेड परियोजना बनाई, जिसमें प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन पर राज्य के 26 प्रखण्डों में कार्य करने की परिकल्पना की गई। मनरेगा ने मृदा एवं जल संरक्षण के लिए रु. 234.54 करोड़ राशि के कार्य किए। जिसके लिए कुल स्वीकृत राशि 515.62 करोड़ रुपए प्राप्त हुई। फोर्ड फाउंडेशन के सहयोग से, हम इन प्रखण्डों में चयनित किसानों के साथ कृषि संबंधी कार्य करने में समर्थ हुए हैं। नवम्बर, 2018 में, बीआरएलएफ ने राज्य के जनजातीय बहुल 40 प्रखण्डों में किसानों को संगठित करने व एकत्रित करने और उन्हे बाजार से जोड़ने पर एक परियोजना के लिए बागवानी विभाग, कृषक अधिकारिता विभाग तथा ओड़िशा आजीविका मिशन के साथ एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया था। 2,187 परियोजना

गांवों से 101,575 परिवारों को 932 उत्पादक समूहों से जोड़ा गया है। इस परियोजना के तहत कुल 182.76 करोड़ रुपए उत्तोलन किए गए हैं। वर्ष 2020 में, बीआरएलएफ ने राज्य के 24 प्रखण्ड़ो में फैली वाटरशेड परियोजना के लिए मनरेगा आयुक्त, झारखण्ड सरकार के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे। परियोजना 4 वर्षों के लिए लगभग रु. 562.73 करोड़ के मनरेगा व्यय से परिकल्पित है। बीआरएलएफ और वेल्ट हंगर हिल्फ ने मिलकर नागरिक सामाजिक संगठनों की सुविधा खर्चों को वहन किया है। इस वर्ष परियोजना की गतिविधियां प्रारंभ की गई है और यह साझेदारी उस विचार की सफलता को दर्शाती है जिसके लिए बीआरएलएफ को – भारत के जनजातीय क्षेत्रों में सबसे गरीब लोगों की आजीविका के लिए राज्य और नागरिक समाज की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए बनाया गया है।

यह भी बहुत हर्ष का विषय है कि बीआरएलएफ को जनजातीय मामले मंत्रालय, भारत सरकार के उत्कृष्टता केंद्र के रूप में नामित किया गया है। मंत्रालय ने बीआरएलएफ से अपने एनजीओ भागीदारों की स्क्रीनिंग, चयन और मूल्यांकन में सहायता प्रदान करने का अनुरोध किया है, जिन्होंने इसकी अनुदान सहायता योजना के तहत अनुदान प्राप्त किया है। इसने बीआरएलएफ से इस योजना का मूल्यांकन करने का भी अनुरोध किया है जिसे बीआरएलएफ के अनुसंधान स्तंभ द्वारा पूरा किया गया है।

क्षमता निर्माण स्तंभ ने जनजातीय नेतृत्व की क्षमताओं को आगे बढ़ाने व निर्माण करने के लिए विभिन्न संगठनों के साथ नई भागीदारी की है। ग्रामीण आजीविका पर प्रमाणपत्र कार्यक्रम के तीन पूर्व–छात्रों ने डिसोम, दि लीडरशिप स्कूल द्वारा आयोजित नेतृत्व विकास कोर्स में भाग लिया है। आईआईएचएमआरयू, जयपुर से ग्रामीण प्रबंधन में एमबीए करने के लिए 7 आदिवासी छात्रों को सहायता प्रदान की जा रही है, इस समझ के साथ कि यह युवा वापस जाएंगे और अपने जीवन के कुछ वर्षों से अपने क्षेत्रों में योगदान देंगे।

बीआरएलएफ के छोटे जीवन में वर्ष 2020–21 एक बहुत ही महत्वपूर्ण वर्ष है क्योंकि यह देश के सबसे गरीब, आदिवासी और वर्षा पर निर्भरता वाले भौगोलिक क्षेत्रों में आबादी को सशक्त बनाने के अपने मिशन पर आगे बढ़ता है। क्योंकि यह एक ऐसा वर्ष है जब बीआरएलएफ ने भविष्य में उन्नति के लिए कई साहसिक निर्णय लिए हैं, जो वह लेना चाहता है। इनमें अपने कार्य में आजीविका के अतिरिक्त मध्य भारत के जनजातीय क्षेत्र और विषय संबंधी क्षेत्रों से परे भौगोलिक क्षेत्रों की खोज करने का निर्णय शामिल हैं। यह निर्णय बीआरएलएफ के सामान्य निकाय द्वारा मार्च 2021 को आयोजित की गई इसकी बैठक में अनुमोदित किए गए थे तथा जो जनजातीय समुदायों के सशक्तिकरण के लिए सक्षम संगठन के तौर पर बीआरएलएफ के जीवन में एक नया अध्याय चिन्हित करेगा। जनवरी 2021 में, बीआरएलएफ को बोडोलैंड प्रादेशिक परिषद के मुख्य कार्यकारी सदस्य से बोडोलैंड प्रादेशिक क्षेत्र में काम करने का निमंत्रण मिला। इस कार्य के लिए प्रारंभिक खोज शुरू हो गई है और हमें आशा है कि जल्द ही इस क्षेत्र में कार्य प्रारंभ हो जाएगा।

हम अपनी विकास–यात्रा को आगे बढ़ाते हुए, मैं अपने सभी भागीदारों को धन्यवाद देना चाहता हूं जो भारत के जनजातीय क्षेत्रों के लिए एक नया मार्ग तय करने के लिए अत्यंत कठिन परिस्थितियों में कार्य कर रहे हैं। मैं ग्रामीण विकास मंत्रालय, जनजातीय मामले मंत्रालय और हमारे ईसी एवं जीबी के सदस्यों तथा सभी संबंधित राज्य सरकारों का भी आभार व्यक्त करना चाहता हूँ जिन्होंने बीआरएलएफ की विकास–यात्रा को सफल और अद्वितीय बनाने के लिए मिलकर काम किया है।

जी.एन. देवी
अध्यक्ष

भारत रूरल लाइवलीहुड्स फाउंडेशन (बीआरएलएफ) भारत सरकार द्वारा स्थापित एक स्वतंत्र संस्था है जो समिति पंजीकरण अधिनियम, 1860 के अधीन पंजीकृत है। बीआरएलएफ को 3 सितम्बर, 2013 को केंद्रीय मंत्रिमंडल के निर्णय के माध्यम से संस्थापित किया गया था, जिसमे मंत्रीमंडल ने सरकार के साथ भागीदारी में नागरिक समाज कार्य के उत्थान हेतु एक स्वतंत्र समिति स्थापित करने हेतु विचार किया था।

1. बीआरएलएफ के बारे में

1.1 पृष्ठभूमि

बीआरएलएफ को पूरे भारत में लोगों की आजीविका व जीवन में परिवर्तन लाने के लिए सरकार के साथ भागीदारी में नागरिक समाज के कार्य को सुविधाजनक बनाने एवं प्रोत्साहित करने के लिए स्थापित किया गया है। बीआरएलएफ का मुख्य कार्यवाहक क्षेत्र पूरा भारत है, बीआरएलएफ प्रारंभिक तौर पर ध्यान देने से मध्य भारत के आदिवासी क्षेत्र पर केंद्रित है जो विशेष रूप से ओड़िशा, झारखण्ड, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश तेलंगाना, महाराष्ट्र, राजस्थान तथा गुजरात राज्यों में 190 जिलों में लगभग 1077 खण्डों (2011 जनगणना के अनुसार) में >20% आदिवासी आबादी के साथ खण्डों/तहसीलों/तालुका अथवा मंडलों पर केंद्रित है।

ग्रामीण निर्धनों के जीवन को रूपांतरित करने के लिए, बीआरएलएफ ने प्राकृतिक संसाधनों के उत्थान, सिंचाई जल की वृद्धि व कृषि के विकास, आजीविका के प्रोत्साहन, पशुधन व ऑफ–फार्म आजीविका सहित महिला नेतृत्व वाले स्वयं सहायता समूहों को शामिल करते हुए वित्त पर ध्यान केंद्रित किया है। बीआरएलएफ निर्धनता निवारण पर लक्षित सभी अग्रणी हस्तक्षेपों से महिलाओं के नेतृत्व वाले जमीनी स्तर पर सशक्त संस्थान बनाने पर बल देता है। बीआरएलएफ सीएसओ के साथ अपनी रणनीतिक साझेदारी द्वारा अपने महत्वपूर्ण उत्पादन एवं परिणाम प्राप्त करता है। सरकार व निगमों द्वारा बनाए गए कार्यक्रम प्रारूप के मध्य अंतर को कम करने के लिए बीआरएलएफ पृष्ठभूमि पर समुदायों के साथ कार्यरत मूलभूत सीएसओ के साथ सक्रियता से कार्य करता है।

अंतिम कुछ वर्षों से, बीआरएलएफ ने तथ्यों को मान्यता देते हुए राज्यों के साथ भागीदारी प्रविष्ट की है, राज्य सरकारों के मध्य भागीदारी, जो कई केंद्रीय ध्वज–पोत कार्यक्रमों के क्रियान्वयन का प्रबंधन करती है, तथा जिसके परिणामस्वरूप सीएसओ सभी हितधारकों के लिए परियोजना के सफलतापूर्वक कार्यान्वन करते हैं।

1.2 बीआरएलएफ–मूल्य प्रस्ताव

बीआरएलएफ ग्रामीण निर्धनों, विशेष रूप से आदिवासियों के जीवन को रूपांतरित करने हेतु सभी प्रकार के हस्तक्षेपों का समर्थन करता है।

अपने उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के लिए बीआरएलएफ निम्नलिखित पर लक्षित है:

- आजीविका सुरक्षा के लिए प्रधानमंत्री की पहल का समर्थन करना
- किसानों की आय को दुगुनी करना
- भारतीय प्राकृतिक कृषि पद्धति कार्यक्रम के साथ पंक्ति में प्राकृतिक कृषि के रूप में एनपीएम कृषि को आगे बढ़ाना
- अटल भूजल योजना के अनुरूप भागीदारी भूजल प्रबंधन करना
- सरकारी ध्वज–पोत कार्यक्रमों में सुधार करना
- ग्रामीण आजीविका सुधार में नवाचार करना
- एनटीएफपीएस तथा फसलों के लिए मूल्य श्रृंखला का विकास करना
- सबसे उपेक्षित क्षेत्रों तथा पीवीटीजीएस के साथ कार्य करना।
- ग्रामीण पेशेवरों की क्षमता का निर्माण करना।
- छोटे समुदाय आधारित संगठनों की क्षमता का निर्माण करना।
- एनजीओ भागीदारी के लिए राज्यों को एक खिड़की प्रदान करना
- एनजीओ के समर्थन में पारदर्शिता लाना।

संधारणीय विकास लक्ष्य

बीआरएलएफ के कार्य संयुक्त राष्ट्र के अधिकांश सतत् विकास लक्ष्यों के अनुरूप है।

रणनीतिक तौर पर, बीआरएलएफ द्वारा समर्थित प्रत्येक परियोजना लगातार अपने ध्वज–पोज कार्यक्रमों के माध्यम से बैंकों, केंद्र सरकार द्वारा पृष्ठभूमि पर उपलब्ध किए गए संसाधनो से लाभ प्राप्त कर रही है। बीआरएलएफ इन सरकारी कार्यक्रमों से सीएसओ को लाभ पहुंचाने वाली निधि में सहायता करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और आवश्यक विश्वसनीयता प्रदान करता है जो सीएसओ भागीदारों को क्षेत्र की विवादास्पद वास्तविकता के कारण वांछित होती है। बीआरएलएफ की क्षमता निर्माण पहल सरकार, सीएसओ तथा समुदाय के विकासात्मक हस्तक्षेप के समर्थन करने के लिए पेशेवरों के विकास का एक पूल बनाना चाहती है।

सरकार से निधि के लाभ के अलावा, भागीदार सीएसओ को अपने स्वयं अथवा अन्य वित्त पोषण स्रोत से परियोजना लागत के भाग के रूप में संसाधन की आवश्यता होती है। इसके अलावा, गारंटी (पेशेवरों के वेतन के अलावा अन्य) द्वारा प्रशासनिक उद्देश्य पर व्यय करने से निधि के समानुपात पर नियंत्रण रखा गया है।

1.3 बीआरएलएफ के मुख्य स्तंभ

बीआरएलएफ अपने तीन वृहत स्तंभों – कार्यक्रमों (भागीदारों को अनुदान हेतु), अनुसंधान, तथा क्षमता निर्माण में अपनी रणनीतिक नियुक्ति के माध्यम से अपने मुख्य लक्ष्यों को प्राप्त करती है।

अनुदान सहयोगः *वित्तीय व तकनीकी सहायता के माध्यम से विशेष तौर पर मध्य भारत के आदिवासी क्षेत्रों में नागरिक समाज पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करना।*

- भागीदारों के माध्यम से सरकारी ध्वज–पोत कार्यक्रमों में परिणामों में सुधार करना।
- सीएसओ का मानव संसाधन तथा संस्थागत लागतें
- एनआरएम तथा आजीविका में प्रमाणिक हस्तक्षेपों को उचित मात्रा में बढ़ाना
- अभिनव मार्गदर्शक करना
- छोटे सीएसओ का संस्थागत मजबूतीकरण करना
- सीएसओ तथा राज्य संस्थानों के मध्य अभिसरण अभ्यास

क्षमता निर्माण: *जमीनी स्तर पर क्षमता–अंतर चुनौती का प्रत्युत्तर देना*

- श्रेष्ठ विकास व्यवसायी, अकादमी संस्थान व विशेषज्ञों के साथ सहभागिता करना
- विकास पेशेवरों के लिए प्रशिक्षण आयोजित करना
- सरकारी अधिकारियों, निर्वाचित प्रतिनिधियों तथा सीएसओ की क्षमता का निर्माण
- बीआरएलएफ के भागीदारों व व्यवसायी हेतु सह–शिक्षा प्लेटफार्म की सुविधा प्रदान करना

अनुसंधान: *बीआरएलएफ के भागीदारों द्वारा कार्यक्षेत्र में बनने वाले अनुभव के सेतु से ज्ञान निर्माण एवं प्रसार करना, सीखना*

- ध्वज–पोत कार्यक्रम पर अनुसंधान अध्ययन, नीति संक्षिप्त करना
- सर्वोत्तम प्रथाओं तथा नवीन परियोजनाओं पर मामले का अध्ययन (केस स्टडीज) करना
- एनआरएम तथा आजीविका पर प्रकाशन तथा पॉलिसी पेपर्स
- अध्येतावृत्ति और प्रशिक्षुता कार्यक्रम

1.4 बीआरएलएफ की शासन–व्यवस्था

बीआरएलएफ की कार्यकारी समिति (ईसी) तथा शासन निकाय (जीबी) में केंद्र व राज्य सरकारों के प्रतिनिधि, शिक्षाविद्, नागरिक समाज, तथा निगम क्षेत्र, वित्तीय संस्थानों, सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों, और सामाजिक आर्थिक अधिकारहीन समूह, विशेषतौर पर मध्य भारत के आदिवासियों के मुद्दों को प्रमाणित करने, अनुभव, समझने व प्रेषण करने वाली परोपकारी फाउंडेशनों से प्रख्यात व्यक्ति शामिल हैं।

बीआरएलएफ ने नियमों एवं विनियमों के अनुसार सभी अनिवार्य जीबी तथा ईसी बैठकों का आयोजन किया है। बीआरएलएफ की स्थापना के समय से 10 जीबी व 20 ईसी बैठकों का आयोजन किया गया है। शासन में सहायता हेतु बीआरएलएफ बोर्ड ने विभिन्न समितियों का गठन किया गया है, जिसमें वित्त एवं अंकेक्षण समिति, विमुक्त जनजाति व घुमंतू जनजाति (डीएनटी–एनटी) पर समिति तथा मानव संसाधन समिति शामिल है। वर्ष 2019–20 में, दो नई समितियां स्थापित की गई थी, जिसमें क्षमता निर्माण पर सलाहकार समिति व अनुसंधान सलाहकार समूह शामिल किया गया था।

1.5 बीआरएलएफ की संगठनात्मक संरचना

बीआरएलएफ का नेतृत्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी करते हैं, जो पेशेवरों, क्षेत्र के विशेषज्ञों और तकनीकी कर्मचारियों द्वारा समर्थित है।



1.6 पारदर्शिता एवं जवाबदेही

पारदर्शिता और जवाबदेही के उच्चतम मानकों को स्थापित करने के लिए, बीआरएलएफ ने वार्षिक रिपोर्ट और लेखा परीक्षित खातों दोनों को वेबसाइट पर रखकर अपने खातों और गतिविधियों का पूर्ण प्रकटीकरण किया है। परियोजनाओं में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए, बीआरएलएफ ने माइक्रोवेयर कंप्यूटिंग एंड कंसल्टिंग लिमिटेड के तकनीकी समर्थन के साथ वर्ष 2018 में प्रस्ताव और परियोजना प्रबंधन के लिए अपना समर्पित एमआईएस सॉफ्टवेयर टूल विकसित और प्रारंभ किया है। बीआरएलएफ सॉफ्टवेयर एक ऑनलाईन रीयल–टाइम आधारित सॉफ्टवेयर सिस्टम है, और यह सीएसओ को किसी भी समय स्वयं को पंजीकृत करने में सक्षम बनाता है।

प्रणाली में निम्नलिखित शामिल हैं

- भागीदारों का पंजीकरण और सत्यापन (बड़े भागीदारों के लिए भूगोल सहित) – पहचान और अनुमोदन प्रक्रिया स्थिति अद्यतन करना।
- प्रस्ताव प्रबंधन – प्रस्ताव लेखन, प्रस्तुतीकरण, प्रस्ताव पूल प्रबंधन और प्रतिक्रिया प्रबंधन करना।
- परियोजना प्रबंधन – संगठन के साथ ज्ञान साझा करना, स्वीकृत योजना का निर्माण, वर्षवार प्रस्ताव योजना निर्माण और वास्तविक समय की रिपोर्टिंग करना।
- विशिष्ट आईडी आवंटन के साथ व्यक्तिगत घरेलू आधार–रेखा। व्यक्तिगत परिवार आईडी के माध्यम से विषयगत और भौगोलिक रूप से कार्यक्रम की प्रगति की रिपोर्टिंग करना।
- बीआरएलएफ आरटीआई का अनुपालन करता है तथा सी एवं एजी अंकेक्षण के अधीन है। बीआरएलएफ की स्थापना से लेकर वर्ष 2017–18 तक सी एवं जी अंकेक्षण सफलतापूर्वक किए गए हैं। बीआरएलएफ की वार्षिक रिपोर्ट ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार की वार्षिक रिपोर्ट का भी हिस्सा है। बीआरएलएफ की अंकेक्षण रिपोर्ट और वार्षिक रिपोर्ट प्रति वर्ष संसद के समक्ष रखी जाती है। इसके अलावा, वर्ष के दौरान संसद अथवा ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा उठाए गए किसी भी प्रश्न का उत्तर बीआरएलएफ द्वारा दिया जाता है।

2. कार्यक्षेत्र में बीआरएलएफ के कार्य

मार्च 2021 तक, बीआरएलएफ की पहुँच आजीविका के विभिन्न विषयों पर मध्य भारत के 86 जिलों के 9974 गांवों, 2614 ग्राम पंचायतों, 251 प्रखण्डों के 7.05 लाख परिवारों तक है। प्रारंभ की अपेक्षा अब परिवारों में पहुंच में लगभग 3 गुणा वृद्धि हुई है। लगभग 80% महिलाओं तक पहुंच लक्षित है तथा अनुसूचित जनजाति के लगभग 76% परिवारों को लाभान्वित करने का लक्ष्य है।

2.1 पृष्ठभूमि

बीआरएलएफ परियोजनाओं को सह–वित्त और अन्य उत्तोलन समर्थन

मार्च 2021 तक, बीआरएलएफ की पहुँच आजीविका के विभिन्न विषयों पर मध्य भारत के 86 जिलों के 9974 गांवों, 2614 ग्राम पंचायतों, 251 प्रखण्डों के 7.05 लाख परिवारों तक है। प्रारंभ की अपेक्षा अब परिवारों में पहुंच में लगभग 3 गुणा वृद्धि हुई है। लगभग 80% महिलाओं तक पहुंच लक्षित है तथा अनुसूचित जनजाति के लगभग 76% परिवारों को लाभान्वित करने का लक्ष्य है।

इस विस्तार की प्रक्रिया में, कार्यक्रम संबंधी निधि का लाभ भी प्रभावकारी तरीके से बढ़ा है और अब यह 2119.5 करोड़ रुपये से संचयी है। इसमें राज्य की भागीदारी से 67% और स्टैंडअलोन आजीविका परियोजनाओं से 33% आता है।

स्थापना के बाद से संसाधन उत्तोलन (संचयी) में वृद्धि (करोड़ रुपये)



इसे प्राप्त करने के लिए, बीआरएलएफ ने कुल 109.41 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इसका तात्पर्य है कि वर्तमान में कुल उत्तोलन और सह–वित्त अनुपात 1:24 है, अर्थात बीआरएलएफ द्वारा निवेश किए गए प्रत्येक रुपये के लिए, यह सरकारी और गैर–सरकारी संसाधनों के माध्यम से लगभग 24 रुपये का लाभ उठाता है।



2.2 प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन

किसी भी विशिष्ट शुष्क भूमि क्षेत्र की तरह, मध्य भारत के जनजातीय क्षेत्र में भी वर्षा कम, अत्यधिक और अनिश्चित होती है और बारिश के दिनों में लंबे समय तक सूखे की स्थिति बनी रहती है। प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन (एनआरएम) कार्य हमेशा बीआरएलएफ के कार्य में एक महत्वपूर्ण भूमिका के रूप में समझे गए है। हमारे हस्तक्षेपों का उद्देश्य खरीफ मौसम में शुष्क अवधि के दौरान महत्वपूर्ण "जीवन रक्षक" सुरक्षात्मक सिंचाई प्रदान करना और पूरे वर्ष सभी घरों के लिए पेयजल सुरक्षा सुनिश्चित करने जैसी अल्पकालिक समस्याओं का समाधान करना है। हम एनआरएम कार्य को महत्वपूर्ण सार्वजनिक निवेश के रूप में देखते हैं जो सबसे गरीब किसानों द्वारा भी कृषि भूमि पर निजी निवेश को प्रोत्साहित करता है। अध्ययनों द्वारा पुष्टि की गई है कि यह आम तौर पर भारतीय उपमहाद्वीप के गर्म होने की दिशा में एक लौकिक झुकाव है। योजना आयोग के 12वें योजना दस्तावेज (खंड II) में "शुष्क और गर्म मौसम दोनों, विशेष रूप से पिछली तीन योजना अवधियों के दौरान एक अलग प्रवृत्ति" को नोट किया गया है (योजना आयोग, 2012)। यह बताता है कि खरीफ फसल के सापेक्ष महत्व में कमी के साथ, मानसून वर्षा से अधिक, यह वार्षिक वर्षा है जिस पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। दोनों में रुझान गिरावट और औसत तापमान में वृद्धि दर्शाता है। भारत के संदर्भ में, यहां पर गरीब, प्राकृतिक संसाधन पर निर्भर, ग्रामीण परिवार हैं जो जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभाव का सबसे अधिक भार वहन करते हैं।

इस विषय पर हमारे काम का उद्देश्य राज्य के कार्यक्रमों जैसे मनरेगा, जल संचयन संरचनाओं का निर्माण, मिट्टी के कटाव के नियंत्रण के लिए काम करना और इन–सीटू नमी के संरक्षण से संसाधनों का लाभ उठाकर जलवायु अनुकूलन बनाना है।

विवरण	2020–21	मार्च 2021 तक संचयी
वृक्षारोपण के तहत क्षेत्र (हेक्ट. में)	8108	30395
वृक्षारोपण से लाभान्वित परिवारों की संख्या	8108	27032
एनटीएफटी मूल्य श्रृंखला में परिवारों की संख्या	109	47671
स्थापित किए गए एमएफपी के संग्रहण केंद्रों की संख्या	174	978
निर्माण किए गए जलसंचयन के ढाँचों की संख्या (जैसे चैक बांध, नहर, एलआई, फार्म पोंड आदि)	29985	48309
जल संचयन ढाँचों से लाभान्वित हुए परिवारों की संख्या	29989	266645
खोदे गए कुओं की संख्या	1172	6152
खोदे गए कुओं से लाभान्वित हुए परिवारों की संख्या	1172	8770
भूमि विकास जैसे मेढ़बंदी आदि के तहत क्षेत्र	7818	44852
निश्चित सिंचाई के तहत शामिल कुल क्षेत्र (हेक्ट.)	69	58567
विकसित किया गया कुल परती भूमि क्षेत्र (हेक्ट.)	69	7044
भूमि विकास के उपायों से लाभान्वित परिवारों की संख्या	6	43103

2.3 कृषि

बीआरएलएफ का मानना है कि पानी की आपूर्ति बढ़ाने के लिए काम करना आवश्यक है, लेकिन यह मध्य भारत की जनजातीय शुष्क भूमि के लिए सूखा–उन्मूलन के लिए पर्याप्त नहीं है। इस पानी के अंतिम अर्थात अधिकतम उपयोग पर काम करना भी महत्वपूर्ण है, जिससे 80–90: पानी का उपयोग कृषि के लिए किया जाता है। बीआरएलएफ कृषि के लिए कीटनाशक–रहित प्रबंधन (एनपीएम) दृष्टिकोण को बढ़ावा देता है। एनपीएम गतिविधि का विचार किसानों को बिना किसी रासायनिक कीटनाशकों के फसल उगाने के लिए प्रोत्साहित करना, उनकी उपज के लिए एक पहचान बनाना और इन छोटे उत्पादकों को बाजारों से जोड़ना है। एनपीएम कृषि रासायनिक उर्वरकों को चरणबद्ध तरीके से कम करने के साथ उचित प्रबंधन प्रथाओं (जैसे कृषि अवशेषों की खाद और पुनर्चक्रण, फार्म यार्ड खाद का उपयोग, पशु मूत्र, हरित खाद वाली फसलें, और टैंक गाद का उपयोग) के माध्यम से मिट्टी की उर्वरता के निर्माण पर बल देती है। हमारे कृषि कार्यक्रमों में, हमारा उद्देश्य सूखी बुवाई, फसल पैटर्न में बदलाव, फसल की किस्म में बदलाव, ड्रिप/स्प्रिंकलर सिंचाई, जैविक मल्चिंग और अन्य के बीच में गेहूं/चावल की गहनता जैसी प्रथाओं को बढ़ावा देना है।

2.4 महिलाओं के नेतृत्व वाले जन–संस्थान

विशिष्ट विषयगत हस्तक्षेप तब तक सफल नहीं होंगे, जब तक वह समुदाय पर आधारित नहीं होंगे। इस संबंध में, बीआरएलएफ की रणनीति महिलाओं के नेतृत्व वाले संस्थानों के गठन को सुविधाजनक बनाने और समर्थन करने की रही है जो अपने विशिष्ट भौगोलिक क्षेत्रों में सभी विकास प्रयासों का नेतृत्व करते हैं। बीआरएलएफ के भागीदार इन संस्थानों को बनाने, उनके मजबूतीकरण और उनकी क्षमताओं के निर्माण करने के लिए कार्य करते हैं।

विवरण	2020–21	मार्च 2021 तक संचयी
उन्नत कृषि से जुड़े परिवारों की संख्या (उन्नत बीज, किस्म संबंधी परिवर्तन, उन्नत पीओपी, बीज उपचार आदि)	51832	718761
एसआरआई अपनाने वाले परिवारों की संख्या	11775	319053
एसआरआई के तहत क्षेत्र (हेक्टेयर में)	1189	68854
एसडब्ल्यूआई अपनाने वाले परिवारों की संख्या	8	171041
एसडब्ल्यूआई के तहत क्षेत्र (हेक्टेयर में)	0	53916
एनपीएम/सीए अपनाने वाले परिवारों की संख्या	12733	113057
एनपीएम/सीए के तहत क्षेत्र (हेक्टेयर में)	12305	58319
उन्नत सब्जी उत्पादन से जुड़े परिवारों की संख्या	8919	335535
उन्नत सब्जी उत्पादन के तहत क्षेत्र (हेक्टेयर में)	371	131659
उन्नत सब्जी उत्पादन के लिए बनाए गए शेडनेट की संख्या	81	16917
बागवानी प्रोत्साहन के तहत क्षेत्र (वाडी/बाग) (हेक्टेयर में)	15217	47098
बागवानी के लिए विकसित इकाईयों की संख्या	15217	53132
बागवानी संवर्धन से जुड़े परिवारों की संख्या	15217	74367
धान के प्रत्यारोपण से जुड़े परिवारों की संख्या	2076	47812
धान के प्रत्यारोपण के तहत क्षेत्र (हेक्टेयर में)	159	13378
उन्नत दलहन व तिलहन उत्पादन से जुड़े परिवारों की संख्या	21194	266070
उन्नत दलहन/तिलहन/बाजरे के तहत क्षेत्र (हेक्टेयर में)	1361	62216
रसोई वाटिका से जुड़े परिवारों की संख्या	1594	63542
बाढ़ एवं क्षार सहिष्णु धान के उत्पादन से जुड़े परिवारों की संख्या	0	8673
कृषि संवर्धन से जुड़े परिवारों की संख्या, परस्पर व्याप्त को छोड़कर	206900	683240

विवरण	2020–21	मार्च 2021 तक संचयी
कुल स्वयं सहायता समूह	646	47779
स्वयं सहायता समूहों में सदस्यों की कुल संख्या	7106	626697
स्वयं सहायता समूहों में एसटी परिवारों की कुल संख्या	6737	514552
एनआरएलएम के साथ जुड़े स्वयं सहायता समूहों की संख्या	0	24182
स्वयं सहायता समूह की बचत (लाख में)	0	8693
बैंक से जुड़े स्वयं सहायता समूहों की संख्या	3	22124
बैंक एवं अन्य संस्थानों से स्वयं सहायता समूहों द्वारा प्राप्त ऋण की राशि (लाख में)	4	10725
नए माइक्रो उद्योग प्रारंभ करने वाले परिवारों की संख्या	61	19211
गठित अन्य वीएलआई/सीबीओ की संख्या	678	11088
अन्य वीएलआई/सीबीओ में सदस्यों की संख्या	0	255090
वीएलआई/सीबीओ में एसटी परिवारों की संख्या	0	109100
उन्नत एफपीओ की संख्या	6	131
एफपीओ के सदस्यों की संख्या	400	41382
एफपीओ में एसटी परिवारों की संख्या	400	33560

2.5 जमीनी स्तर पर क्षमता निर्माण

जबकि सरकारी खर्च अधिक से अधिक जमीनी स्तर पर केंद्रित है, ग्राम पंचायत के साथ ध्वज–पोत सरकारी कार्यक्रम जैसे मनरेगा में प्रमुख व्यय–कर्ता व कार्यान्वयनकर्ता बना है, यह आवश्यक है कि जमीनी स्तर पर क्षमताओं को मजबूत किया जाए। ऐसी क्षमताओं के बिना, परिव्यय जमीनी स्तर पर खुद को परिणामों में परिवर्तित नहीं करते हैं। बीआरएलएफ अपने भागीदारों के माध्यम से आजीविका के विभिन्न पहलुओं पर लक्षित प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से जमीनी स्तर पर क्षमता निर्माण पर ध्यान केंद्रित करता है। लक्ष्य यह है कि यह स्थानीय संसाधन व्यक्ति अपने क्षेत्र का नेतृत्व संभालेंगे और वहां पर विकास प्रक्रिया का मार्गदर्शन करेंगे।

2.6 पशुधन

विविधीकरण केवल फसल प्रणालियों पर ही नहीं रुकना चाहिए, बल्कि यह मध्य भारत में आदिवासियों की आजीविका के सभी विकल्पों में भी अपनाना चाहिए। वास्तव में, आजीविका का विविधीकरण जलवायु परिवर्तन के खिलाफ एक प्रमुख सुरक्षा है क्योंकि यह सभी अंडों को एक टोकरी में रखने की तुलना में लचीलापन प्रदान करता है। मध्य भारत की जनजातीयों में, विशेष रूप से, वर्षा आधारित पशुधन प्रणालियों पर ध्यान देने की आवश्यकता है। पशुधन मध्य भारत के जनजातीय समुदायों की आजीविका का एक बहुत ही महत्वपूर्ण घटक है। इस सूखा उन्मुख क्षेत्र में अधिकांश परिवारों में मवेशियों के साथ–साथ छोटे पशु भी

विवरण	2020–21	मार्च 2021 तक संचयी
बनाए गए सीआरपी की संख्या	0	9917
बनाए गए महिला सीआरपी की संख्या	0	5685
विषयक (कृषि/बागवानी/पशुधन/एनआरएम/आईडी/एसएचजी/माइक्रो उद्यम आदि) पर संचालित प्रशिक्षण/प्रदर्शनों की संख्या	564	78889
प्रशिक्षित सामुदायिक सदस्यों की संख्या	3848	1079313
प्रशिक्षित महिला सदस्यों की संख्या	2463	871150
प्रशिक्षित स्टाफ की संख्या	162	6521
प्रशिक्षित पीआरआई सदस्यों की संख्या	74	15246
एफआरए के तहत लाभान्वित परिवारों की संख्या	556	8204

विवरण	2020–21	मार्च 2021 तक संचयी
डेयरी विकास से जुड़े परिवारों की संख्या	259	124289
बकरी पालन से जुड़े परिवारों की संख्या	3461	257630
मुर्गीपाल इकाई विकास से जुड़े परिवारों की संख्या	23	22859
घर के प्रांगण में मुर्गीपालन करने वाले परिवारों की संख्या	3062	50377
मत्स्यपालन/शूकर पालन में जुड़े परिवारों की संख्या	1986	21986
टीकाकरण, पशु आहार, आश्रय, नस्ल सुधार आदि के माध्यम से सहायता प्राप्त परिवारों की संख्या	62244	440718
पशुधन संवर्धन से जुड़े परिवारों की संख्या, परस्पर व्याप्त को छोड़कर	69494	433545

होते हैं। पशुधन आजीविका परिसंपत्तियों के रूप में योगदान देता है, जो परिवारों की उन्नति के साथ साथ जीवन में मौजूदा पहलूओं में, वास्तव में तरल आय में योगदान करता है। पशुओं में रोगों के अधिक फैलाव और उच्च मृत्यु दर पशुधन उत्पादन प्रणालियों के लिए प्रमुख बाधाएं हैं। बीआरएलएफ मध्य भारत के जनजातीय क्षेत्र में पशुपालन से आजीविका को बढ़ावा देने के लिए अपने भागीदारों के साथ कार्य करता है।

2.7 अधिकार एवं हक

बीआरएलएफ अपने भागीदारों के साथ यह सुनिश्चित करने के लिए कार्य करता है कि सबसे गरीब लोगों को उनके लिए कई अधिकारों और योजनाओं तक पहुंच प्राप्त हो, जिनमें मनरेगा, वनाधिकार अधिनियम, प्रधान मंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधान मंत्री आयुष्मान योजना, प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधान मंत्री जन धन योजना, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना आदि शामिल हैं।

विवरण	2020–21	मार्च 2021 तक संचयी
वनाधिकार अधिनियम से लाभान्वित परिवारों	556	8204
निपटाए गए एफआरए के दावों की संख्या	556	4452
स्वच्छ भारत अभियान से जुड़े परिवारों की संख्या	19	143076
प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) से जुड़े परिवारों की संख्या	6068	107917
प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) से जुड़े परिवारों की संख्या	5977	62285
प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) से जुड़े परिवारों की संख्या	14	206207
प्रधानमंत्री मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना से जुड़े परिवारों की संख्या	1689	50565
मनरेगा के अंतर्गत लाए गए परिवारों की संख्या	652	142203
प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लाए गए परिवारों की संख्या	0	21811
प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत लाए गए परिवारों की संख्या	350	61711
ग्रामीण पेयजल/स्वच्छता योजना से समर्थित परिवारों की संख्या	930	64011
अन्य ध्वजवाहक योजनाओं से जुड़े एसटी परिवारों की संख्या	356	135895
अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाएं– जॉब कार्ड, राशन कार्ड, पेंशन, सीएम योजनाएं आदि से लाभान्वित परिवारों की संख्या	1277	275146
अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं (कृपया नाम लिखें) से लाभान्वित परिवारों की संख्या	0	135052
प्रधानमंत्री उज्जवला योजना में परिवारों की संख्या	189	3895
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना में परिवारों की संख्या	4505	6170
प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में परिवारों की संख्या	7521	9653

BRLF
April 2020

2.8 बीआरएलएफ की कोविड–19 पर प्रतिक्रिया

कोविड–19 महामारी के कारण बनी विकट स्थिति को देखते हुए, तथा भागीदारों से प्राप्त नियमित प्रतिपुष्टि पर बीआरएलएफ ने मध्य भारत के जनजातीय क्षेत्र में रहने वाले परिवारों तथा महामारी से अलग–अलग तरह से प्रभावित लोगों के लिए अंतरिम तथा दीर्घकालिक राहत उपाय प्रारंभ करना निश्चित किया था। इन हस्तक्षेपों में मार्गदर्शन करने के लिए बीआरएलएफ द्वारा "आपदा राहत एवं पुनर्वास समिति" शीर्षक से एक समिति गठित की गई थी।

बीआरएलएफ के कोविड–19 प्रतिक्रिया उपायों के निम्नलिखित लक्ष्य थे

क) ग्रामीण क्षेत्रों में कोविड–19 के तेजी से फैलाव को कम करना तथा

ख) गरीब व हाशिए पर परिवारों, विशेष तौर पर मध्य भारत के जनजातीय क्षेत्रों के जनजातीय प्रवासी श्रमिकों से लॉकडाउन के प्रभाव को कम करना।

बीआरएलएफ ने दो चरणों राहत उपायों के क्रियान्वयन की योजना बनाई– राहत कार्य का प्रथम चरण प्रवासी व अधिक प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत प्रदान करने से लक्षित था और प्रमुख लक्ष्य सबसे अधिक कमजोर परिवारों को 20 से 25 दिनों के लिए सूखा राशन प्रदान करना तथा संक्रमण के फैलाव से ग्रस्त गांव/पंचायत स्तरीय संगरोध (क्वारेंटाईन) केंद्रों में रिक्ति भरने अर्थात किसी वस्तु के अभाव के लिए सहायता प्रदान करना था।

दूसरा चरण – राहत व पुनर्वास कार्य

दूसरे चरण में, मुख्य रूप से सबसे अधिक हाशिए पर और गरीब परिवार, जो महामारी से बुरी तरह से प्रभावित हुए थे, की आजीविका के पुनर्वास पर केंद्रित था। सीमांत किसानों को रबी की कटाई और खरीफ फसल की बुवाई के लिए सहायता प्रदान की गई थी। इसके अलावा, प्रवासी और भूमिहीन परिवारों को वैकल्पिक आजीविका विकल्पों के साथ सहायता प्रदान की गई थी। रणनीतिक रूप से, बीआरएलएफ ने उन क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने का निर्णय लिया जो थे:

ए) अधिक आंतरिक एवं असेवित

बी) खराब संसाधन

सी) उच्च प्रवास का इतिहास रहा हो

डी) सबसे कमजोर परिवार हों

ई) निगम सामाजिक उत्तरदायित्व गतिविधियों द्वारा अंतर्निहित न होने वाले क्षेत्र

बीआरएलएफ ने जनजातीय व सबसे अधिक कमजोर समुदायों की आजीविका में सुधार करते हुए तथा पृष्ठभूमि पर अपनी सुदृढ़ उपस्थित के साथ 17 क्रियान्वयन भागीदारों के सहयोग से राहत एवं पुनर्वास कार्य में दूसरे चरण का निष्पादन किया। इन अल्प व दीर्घकालिक राहत व पुनर्वास उपायों के माध्यम से, बीआरएलएफ ने ओड़िशा, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश के 13 जिलों से 8346 परिवारों तक पहुंच बनायी।

प्रथम चरण राहत कार्य का आशुचित्र (स्नैपशॉट):

पहुंच	
भागीदार	14
राज्य	पश्चिम बंगाल, झारखण्ड, ओड़िशा, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़
जिला	11
खण्ड	14
ग्राम पंचायत	188
गांव	520
सूखे राशन का वितरण	9081 परिवार
चेहरा के मास्क का वितरण	5550 परिवार
तौलिया एवं अन्य स्वच्छता की वस्तुओं का वितरण	739
संगरोध (क्वारेंटाईन) केंद्रों पर वितरित की गई सूखे राशन की किटें	300
सहायता प्राप्त संगरोध (क्वारेंटाईन) केंद्रों की संख्या	27 केंद्र
बजट का उपयोग	अनुमोदित बजट: 75.78 लाख
	व्यय: 75.71 लाख

प्रमुख हस्तक्षेपों व परिणामों का सारांश

कार्रवाई का उद्देश्य	प्रमुख हस्तक्षेप	परिणाम
सबसे कमजोर परिवारों को भोजन और आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता के साथ दिनों को सुनिश्चित व विस्तारित करन	कोविड–19 प्रभावित परिवारों को सूखे राशन की सामग्री का वितरण	सूखे राशन की सामग्री वितरण द्वारा 3350 परिवारों का सहायता की गई थी।
	0 से 3 आयु के बच्चों वाले परिवारों को शिशु आहार सामग्री का वितरण	200 परिवारों को शिशु आहार सामग्री प्रदान की गई थी।
संक्रमण को न्यूनतम करने हेतु कोविड 19 के प्रसार को कम करना	संगरोध (क्वारेंटाईन) केंद्रों की स्थिति का आकलन करना तथा अंतरालों को भरने अर्थात आवश्यक सामग्री प्रदान करने में सहायता करना	मास्क, तौलिया, सैनेटाईजर व अन्य अनिवार्य वस्तुओं के वितरण द्वारा कुल 3 संगरोध (क्वारेंटाईन) केंद्रों को सहायता प्रदान की गई थी।
	अंतरिम राहत के तहत परिवारों को सहायता प्रदान करने हेतु मास्क व स्वच्छता सामग्री का वितरण	3350 परिवारों को स्वच्छता किटों से सहायता की गई थी, जिसमें अनिवार्यत: मास्क व सेनिटाईजर शामिल किया गया था
	राहत कार्ये में तैनात सीएसओ स्टाफ को पीपीई किट प्रदान करना	60 संख्या सीएसओ स्टाफ को पीपीई सामग्री प्रदान की गई थी
गरीब, सीमांत किसानों व प्रवासी परिवारों की आजीविका का पुनर्वास करना	अधिकतम 2 एकड़ तक भूमि वाले सीमांत किसानों को बीज व अन्य आदान प्रदान करना	कृषि संबंधी आदान सहायता से 3768 संख्यक परिवार लाभान्वित हुए
	समुदाय द्वारा प्रबंधित बीज बैंक के प्रोत्साहन द्वारा गांवों में स्वदेशी बीजों की किस्मों का संरक्षण व उपलब्धता सुनिश्चित करना	बीज तथा/अथवा भण्डारण उपकरण के नए भण्डार की खरीददारी द्वारा 60 सामुदायिक बीज बैंकों का मजबूतीकरण किया गया।
	हाल ही में शहरों से अपने गांवों में वापस आए भूमिहीन प्रवासी परिवारों को वैकल्पिक आजीविका विकल्प प्रदान करना	वैकल्पिक आजीविका विकल्प–पशुधन एवं एनटीएफपी के लिए 1028 प्रवासी परिवारों को आदान व परिसंपत्ति सहायता प्रदान की गई
विभिन्न सरकारी योजनाओं (पीडीएस, मनरेगा आदि) के साथ उन्हे जोड़ने द्वारा समुदाय के अधिकार व हकदारी सुनिश्चित करना	विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे पीडीए, मनरेगा आदि के साथ परिवारों को जोड़ना	विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे पीडीएस, मनरेगा आदि के साथ 11973 परिवारों को जोड़ा गया
	सरकारी योजनाओं के तहत सेवा प्राप्त न करने वाले कमजोर परिवारों को पीएफओ की पहुंच के माध्यम से रु. 25000 की प्रत्यक्ष नकदी सहायता प्रदान करना	3 एफपीओ को रु. 25000 की प्रत्यक्ष नकदी सहायता प्रदान की गई

एक नज़र में पहुंच

क्र.सं.	प्रगति को समझने के संकेतक और आवृत्त क्षेत्र	इकाई	31 जुलाई 2020 तक भौतिक प्रगति		
			लक्ष्य	उपलब्धि	घाटा/अधिशेष
1	आवृत्त किए गए जिले	संख्या	16	16	0
2	आवृत्त किए गए खण्ड	संख्या	17	17	0
3	आवृत्त की गई ग्राम पंचायत	संख्या	262	262	0
4	आवृत्त किए गए गांव	संख्या	619	613	-6
5	कोविड–19 प्रभावित परिवारों को वितरित की गई राशन सामग्री	संख्या	3350	3350	0
6	सीएसओ स्टाफ सदस्यों के लिए पीपीई (स्टाफ की संख्या)	स्टाफ	53	60	7
7	आईईसी सामग्री (किट में डाली गई)	किट	2850	2850	0
8	बेसलाईन सर्वेक्षण आयोजित किए गए गांवों की संख्या	गांव	309	303	-6
9	सभी हस्तक्षेपों के लिए निर्धारित कमजोर परिवारों की संख्या	परिवार	3381	3447	66
10	परिवारों को वितरित की गई शिशु आहार सामग्री	संख्या	200	200	0
11	अंतराल भरने के लिए आदान/उपकरण सहायता द्वारा आवृत्त पृथक्करण (आईसोलेशन) शिविरों की संख्या	शिविर	3	3	0
12	गरीब व कमजोर परिवारों को अगले फसल के मौसम के लिए– बीज, उर्वरक, जल के पम्प, सामूहिक जुताई के लिए हार्वेस्टर/थ्रेशर व ट्रेक्टर को किराये पर लेने के लिए सहायता करना	परिवार	1825	2162	337
13	बीज के नए भण्डार पर सामुदायिक आधारित बीज बैंक–खरीद तथा भण्डारण उपकरणों का मजबूतीकरण करना	बीज बैंक	32	60	28
14	अल्पावधि खाद्य फसल जैसे–सब्जी, मक्का व बाजरा की कृषि के लिए उत्पादक सामग्री की सहायता करना	परिवार	1275	1606	331
15	अगली फसल के लिए आदानों की बिक्री तथा ग्रांव स्तर पर सामग्री के क्रय हेतु किसान कल्ब व एफपीओ को प्रत्यक्ष नकदी सहायता (एफपीओ को भागीदार द्वारा पोषित किया जाना)	एफपीओ	3	3	0
16	खराब होने वाली वस्तुओं–सब्जी एवं फलों के मामले में न्यूनतम दो गुणा परिवारों के लिए परिवहन सहायता (लाभान्वित परिवारों की संख्या)	50 किसानों के समूह	6	4	-2
17	वैकल्पिक आजीविका–पशुधन व एनटीएफई के लिए प्रवासी परिवारों को आदान व संपत्ति की सहायता	परिवार	640	1028	388
18	परिवारों के लिए सरकार द्वारा घोषित उनकी हकदारी प्राप्त करने में सहायता सुविधा प्रदान करना– सभी योजनाओं के लिए गांव में शिविरों का आयोजन करना, पीडीएस आपूर्ति प्रणाली एवं मनरेगा का मजबूतीकरण –निगरानी तथा वास्तविक समय सूचना का प्रसार– भोजन की कमी के मामले में स्थानीय प्राधिकरण की जानकारी में लाना।	परिवार	17553	11973	-5580

3. बीआरएलएफ-उच्च प्रभाव वाली परियोजनाओं के लिए राज्य सरकार के साथ सहभागिता

बीआरएलएफ के कार्य प्रारंभ करने के पश्चात, यह स्टेप डअलोन आजीविका परियोजनाओं में सीएसओ के साथ सहभागिता पर लक्षित था। जबकि परिणाम तो उच्च गुणवत्ता वाले प्राप्त हुए लेकिन इन कार्यों का मापन करना समस्या बना हुआ था। राज्य सरकारों के मध्य सहभागिता, ध्वज–वाहक कार्यक्रमों के प्रभावकारी क्रियान्वयन के लिए बीआरएलएफ तथा सीएसओ सभी हितधारकों के लिए सफलता की स्थिति प्रस्तावित करता है। एक ओर, जहां सीएसओ कार्यक्रम क्रियान्वयन के सभी चरणों पर सरकारी भागीदारी के माध्यम से प्रणाली के बेहतर अनुक्रियता द्वारा लाभार्जन करता है। इसके अलावा, वह अपने प्रयासों से तत्काल संपन्नता के लिए वित्त पोषण के अवसरों का लाभ ले सकते हैं तथा वृहत्त स्तर पर परिणाम प्रकट करने में साक्षी बनते है। दूसरी ओर, राज्य सरकारें, विभिन्न "कार्य–विवरणों" में सीएसओ तथा समुदायों के साथ गहन सहभागिता से लाभार्जन करती हैं, जो इन कार्यक्रमों के लिए भारी सामाजिक पूँजी जुटाने के लिए सक्षम बनती हैं। इसके अलावा, अग्रश्रेणी सरकारी पदाधिकारियों की क्षमताएं भी बढ़ जाती है, जिससे सभी प्रयासों के रूप में बेहतर गुणवत्ता नतीजों में परिणाम व्यक्तियों से पृष्ठभूमि पर आते हैं।

राज्य सरकारें भी राज्य सरकारों के साथ सभागिता पर आधारित सीएसओ द्वारा बनाए गए प्रस्तावों की सुविधा तथा संरचनात्मक सहायता प्रदान करने के लक्ष्य के साथ संगठन के सामान्य निकाय (जीबी), कार्यकारी समिति (ईसी), तथा परियोजना गारंटी व चयन समिति (पीजीएससी) में प्रतिनिधित्व करती हैं।

बीआरएलएफः विखण्डन के मध्य संपर्क परंतु सक्षम सीएसओ तथा राज्य सरकारें पैमाना बनाने के लिए सक्षम है



3.1 छत्तीसगढ़ में उच्च प्रभाव वाली मेगा वाटरशेड परियोजना

जल एवं मृदा संरक्षण में निवेश के माध्यम से जनजातीय परिवारों की आजीविका में सुधार करने के लक्ष्य से 5 अक्तूबर, 2018 को बीआरएलएफ ने छत्तीसगढ़ में 'उच्च प्रभाव वाली मेगा वाटरशेड परियोजना' प्रारंभ करने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार व एक्सिस बैंक के साथ भागीदारी की। परियोजना का लक्ष्य मनरेगा की क्रियान्वयन प्रक्रिया में सुधार करना था इसलिए मनरेगा के अंतर्गत किया गया निवेश गरीबों की मौजूदा जरूरतों को पर्याप्त रूप से पूरा करता है। 1 जुलाई 2019 से फोर्ड फाउंडेशन से आजीविका, विशेष तौर पर कृषि, गैर–इमारती लकड़ी वन्य उत्पाद (एनईएफपी), पशुधन मूल्य श्रृंखला विकास पर लक्षित वृद्धि के लिए एक परियोजना प्राप्त हुई। इस परियोजना का लक्ष्य इस चार वर्षीय पहल के माध्यम से संधारणीय आधार पर 100,000 लघु एवं सीमांत परिवारों की आय में वृद्धि करना है।

इस परियोजना के तहत 13 सीएसओ के एक सहायता संघ ने छत्तीसगढ़ में 12 जिलों के दक्षिणी जोन (बस्तर पलेटयू क्षेत्र) के 12 खण्डों तथा मध्य समतल क्षेत्र के 4 खण्डों, उत्तरी पहाड़ी के 10 खण्डों को शामिल करते हुए 26 खण्डों को तीन जोनों में शामिल करते हुए जलग्रहण से 694,500 हेक्टेयर को लाभान्वित करते हुए भूमि व जल उपचार उपायों की सुविधा प्रदान की, जिससे लगभग 350,000 हेक्टेयर भूमि में फसल सघनता में सुधार हुआ। इस परियोजना के तहत कुल 1,388 माईक्रो–वाटरशेड उपचार किए जाने से अपेक्षित है।

अप्रैल 2020 व मार्च 2021 की रिपोर्टिंग अवधि के मध्य, परियोजना 350 गांवों के साथ अतिरिक्त 220 नई ग्राम पंचायतों में पहुँच गई है। अक्तूबर 2018 से कार्य प्रारंभ करने से इस परियोजना के लिए संचयी पहुँच 742 ग्राम पंचायतें और 1404 गांव हैं और आजीविका हस्तक्षेप 78,756 परिवारों के लिए किए गए थे।

परियोजना क्रियान्वयन के पहले वर्ष में, टीम बनाने, क्षमता निर्माण, सामाजिक जुड़ाव, तथा डीपीआर की तैयारी पर ध्यान केंद्रित किया गया था। दूसरे वर्ष में, 13 सीएसओ भागीदार व राज्य परियोजना प्रबंधन इकाई (एसपीएमयू) टीमें डीपीआर की तैयारी एवं निर्धारण, नारवा के साथ डीपीआर का संरेखण (राज्य सरकार ने महत्वाकांक्षी योजना का शुभारंभ किया था, जिसे "नारवा गरवा घुरवा बाड़ी" का

मेगा वाटरशेड परियोजना, छत्तीसगढ़ (सीएसओ का विवरण)



नाम दिया गया अथवा एनजीजीबी जो जल निकासी लाइनें, मवेशी, मृदा स्वास्थ्य और घर के आंगन में पोषण वाटिका बनाने का कार्य करती है), गोधन दिशानिर्देशों की योजना, तैयारी, कोविड राहत गतिविधियां, तथा डीपीआर में योजना द्वारा बनाए गए हस्तक्षेपों की तकनीकी एवं प्रशासनिक स्वीकृति की प्रक्रिया को गति देने में संलग्न रहा था। इसके अतिरिक्त, कृषि उत्पादकता की वृद्धि, आय वृद्धि तथा गैर–कृषि आजीविका गतिविधियों के मजबूतीकरण के लिए बहु–प्रशिक्षण आयोजित किए गए थे। इस अवधि में राज्य में यात्रा प्रतिबंधों के कारण एसपीएमयू द्वारा सभी प्रशिक्षण ऑनलाईन विधि मे आयोजित किए गए थे।

क्षेत्र और लाभान्वित (प्रखण्ड एवं जिले)

जिलों की संख्या	12
प्रखण्डों की संख्या	26
परिवारों की संख्या	690927
कुल भौगोलिक क्षेत्र (हेक्टेयर)	1657162
कुल बोया गया क्षेत्र (हेक्टेयर)	751677
असिंचित क्षेत्र (हेक्टेयर)	670082
उपचार योग्य प्रस्तावित क्षेत्र (हेक्टेयर) (कुल बोये गए क्षेत्र का 30% + असिंचित क्षेत्र का 70% विचारणीय)	694560
प्रस्तावित माईक्रो–वाटरशेड की संख्या (प्रत्येक का 500 हेक्टेयर विचारणीय)	1388

वित्त वर्ष 2020–21 में कार्यक्रम प्रगति की मुख्य विशेषताएं

742 डीपीआर विकसित किए गए, 52,493 नई संरचनाओं की योजना बनाई गई तथा 19,904 संरचनाओं के लिए प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त की गई है।

2020–21 में ग्राम सभा/पंचायत में 420 डीपीआर तथा कुल 32,472 संरचनाएं अनुमोदित की गई थी।

रु. 339.69 करोड़ (सघन खण्ड रु. 237. 29 करोड़ तथा गैर–सघन खण्ड रु. 102.40 करोड़) वित्त वर्ष 2020–21 के लिए मनरेगा के अधीन रु. 515.62 करोड़ की संचयी स्वीकृति से राशि जुटायी गई हैं।

मार्च 2021 तक रू.234.54 करोड़ कीमत की संरचनाएं पूरी कर ली गई हैं।

वाटरशेड सिद्धांत, तकनीकी पहलू, प्रतिभागिता नियोजन, जीआईएस आधारित टूल्स और तकनीकें तथा कृषि व गैर–कृषि आजीविका पर 196 राज्य व क्षेत्रीय, तथा 1917 खण्ड स्तरीय क्षमता निर्माण पहल आयोजित की गई।

राज्य मनरेगा पदाधिकारियों के साथ 28 इंटरफेस बैठकें और जिला व खण्ड के मनरेगा पदाधिकारियों के साथ 217 इंटरफेस बैठकों का आयोजन किया गया था।

एसपीएमयू तथा सीएसओ राज्य सरकार के एनजीजीबी कार्यक्रम में गहनता से शामिल हुए थे। तैयार किए गए कुल 118 नारवा डीपीआर (सघन खण्ड –93 तथा गैर–सघन खण्ड–25) के साथ राज्य व जिला स्तर के लिए नारवा उपचार योजना की तैयारी के लिए सहायता प्रदान की गई थी।

फोर्ड फाउंडेशन की समर्थित परियोजना के अधीन रिपोर्ट किए गए तथा सघन कृषि हस्तक्षेपों में 25,893 परिवारों को नियुक्त किया गया था।

धान, सब्जी तथा बाजरे को शामिल करते हुए परम्परागत बीजों की किस्मों के संरक्षण हेतु संचयी 36 बीज बैंकों में से 23 नए बीज बैंकों को संस्थापित किया गया है।

23 नए एनटीएफपी संग्रहण केंद्र (अब संचयी 30) संस्थापित किए गए थे और एनटीएफपी का कुल 843.29 टन संग्रहित किया गया था।

2,115 परिवार मत्स्यपाल के कार्य में लगे हुए है तथा इस वर्ष स्थानीय प्रमुख व लघु कार्प मछली की प्रजातियों के साथ परियोजना क्षेत्र में 1,498 मौजूदा व नए तालाब (मनरेगा के तहत निर्मित) बनाए गए हैं। उक्त वर्णित फार्म तालाब में 0.20 करोड़ मछली के बच्चे भण्डारित किए गए थे।

फोर्ड फाउंडेशन की सहायता से पशुधन (बीवाईपी एवं बकरी पालन) के अधीन 1,543 परिवार लाभान्वित हुए हैं।

एनजीजीबी–राज्य के एक ध्वजवाहक कार्यक्रम में संलग्नता

एनजीजीबी, राज्य में प्रतिष्ठित सरकार द्वारा प्रारंभ किया गया एक कार्यक्रम है, जिसके प्रारंभ से ही, इसको अन्य कई चल रहे कार्यक्रमों से अधिक अधिमान देने का दावा किया गया है। एनजीजीबी "नरवा गरवा घुरवा बाड़ी" के लिए है, जिसका अर्थ छत्तीसगढ़ में नदी या जलधारा, मवेशी, खाद और कृषि भूमि क्रमशः सभी के लिए है। यह कार्यक्रम, इसके क्रियान्वयन के माध्यम से, ग्राम स्वराज लाने अथवा लचीले बुनियादी ढांचे के विकास के माध्यम से दीर्घावधि में गांवों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भरता बनाने पर मूल रूप से लक्षित है।

सरकार ने इस विचार को धरातल पर उतारने और सक्रिय रूप से उन तक पहुंच बनाने के लिए सीएसओ द्वारा संभावित योगदान की सराहना की है। मनरेगा जैसी योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर एनजीजीबी घटकों को लागू करने के लिए पुनःउन्मुख किया गया है। राज्य के लिए इस उभरते संदर्भ और प्राथमिकता ने मेगा वाटरशेड परियोजना में भी कुछ समायोजन करना अनिवार्य बना दिया। एसपीएमयू और सीएसओ ने इस बदलाव को चुनौती और अवसर दोनों के रूप में देखा और तुरंत कार्रवाई की। चुनौती उन योजनाओं के संरेखण और उन योजनाओं को स्वीकृति देने की है जो किसी भी एनजीजीबी घटक से सीधे जुड़ी हुई नहीं हैं। अवसर यह है कि एनजीजीबी के तहत नरवा घटक वाटरशेड दृष्टिकोण से निकटता से संबंधित है, सिवाय इसके कि यह स्ट्रीमबेड पर नियोजित संरचनाओं पर अधिक ध्यान केंद्रित करता है।

राज्य मनरेगा प्रकोष्ठ में अपनी उपस्थिति और निरंतर दृढ़ता के कारण, राज्य परियोजना प्रबंधन इकाई नरवा कायाकल्प योजना में जल निकासी उपचार के साथ मेगा वाटरशेड क्षेत्र उपचार योजनाओं को शामिल करने के लिए राज्य सरकार को मनाने में सक्षम है। इसने अब एसपीएमयू को नरवा उपचार योजना के साथ उच्च प्रभाव वाली मेगा वाटरशेड परियोजना को पूरी तरह से संरेखित करने में सहायता की है, जिसने डीपीआर में पहचाने गए कार्यों की स्वीकृतियों की संख्या में सुधार करने में रणनीतिक रूप से सहायता की है, उन्हें नरवा उपचार योजना में शामिल किया गया है जो वर्तमान में राज्य सरकार की प्राथमिकता है।

3.2 जीवी दाह हासा – झारखंड में उच्च प्रभाव वाली मेगा वाटरशेड परियोजना

पश्चिम बंगाल और छत्तीसगढ़ में मेगा–वाटरशेड परियोजनाओं के मॉडल की सफलता के बाद, झारखंड सरकार के आयुक्त, मनरेगा ने झारखंड में इसी तरह की परियोजना के कार्यान्वयन के अवसरों पर विचार करने के लिए बीआरएलएफ से संपर्क किया।

तदनुसार, बीआरएलएफ ने इसी तरह के दृष्टिकोण और मॉडल पर आधारित एक विस्तृत प्रस्ताव आयुक्त मनरेगा, झारखंड सरकार को विचारार्थ प्रस्तुत किया। प्रस्ताव को अच्छी तरह से प्राप्त किया गया था, और सचिव, ग्रामीण विकास झारखंड सरकार की सिफारिश के अनुसार, इसे राज्य मंत्रिमंडल को मंजूरी के लिए प्रस्तुत किया गया था। 17 जून, 2020 को, झारखंड सरकार के मंत्रिमंडल ने परियोजना को अनुमोदित किया और राज्य में मनरेगा के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए मनरेगा प्रकोष्ठ, झारखंड सरकार को बीआरएलएफ के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने का निर्देश दिया।

28 अगस्त, 2020 को, बीआरएलएफ ने उच्च प्रभाव वाली वाटरशेड परियोजना के क्रियान्वयन के लिए आयुक्त, मनरेगा प्रकोष्ठ, झारखंड सरकार के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। प्रस्तावित परियोजना 7 जिलों के 24 सर्वाधिक पिछड़े प्रखंडों में क्रियान्वित की गई। प्रखंडों का चयन सरकार द्वारा सुझाए गए सुपरिभाषित मानदंडों के आधार पर किया गया था। इस परियोजना का उद्देश्य 190,000 सामाजिक–आर्थिक रूप से हाशिए पर परिवारों के जीवन और आजीविका में सुधार करना है। तदनुसार, परियोजना के तहत 300,000 से 390,000 हेक्टेयर उपचारित किया जाएगा। लगभग 1,81,000 हेक्टेयर की फसल गहनता में सुधार करने के लिए, 500 हेक्टेयर भूमि के प्रत्येक माइक्रो–वाटरशेड के साथ 750 माइक्रो वाटरशेड का आगामी उपचार करना प्रस्ताव किया गया है।

"जीवी दाह हासा" आदिवासी भाषा (जैसे, संथाली एवं अन्य) से उत्पन्न हुआ है। "जीवी" का अभिप्राय जीवन, "दाह" का अभिप्राय पानी, तथा "हासा" का अभिप्राय धरती है। झारखंड उच्च प्रभाव वाली मेगा वाटरशेड परियोजना के लिए सभी सीएसओ भागीदार संगठनों ने उपरोक्त नाम प्रस्तावित किया और आयुक्त मनरेगा, ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड सरकार ने इस नाम को अंतिम रूप दिया। "जीवी–दाह–हासा" कार्यक्रम राज्य के सबसे वंचित भौगोलिक क्षेत्रों में जीवन, जल और भूमि को पुनर्जीवित करने के बारे में है।



क्र.सं.	सीएसओ का नाम	जिले का नाम	प्रस्तावित आवंटित प्रखण्ड का नाम*	सघन/गैर–सघन
1	विकास भारती	गुमला	बिशुनपुर	सघन
2			डुमरी	गैर–सघन
3	प्रदान	गुमला	भरनो	गैर–सघन
4			कमडारा	सघन
5	डब्ल्यूओटीआर	गुमला	चैनपुर	गैर–सघन
6			अलबर्ट इक्का (जारी)	सघन
7	वस्सान	पश्चिम सिंहभूम	गुडरी	गैर–सघन
8			आनंदपुर	सघन
9	सपोर्ट	पश्चिम सिंहभूम	जगन्नाथपुर	सघन
10			नौमुंडी	गैर–सघन
11	काला मंदिर	पश्चिम सिंहभूम	चाईबासा	गैर–सघन
12			खुंटपानी	सघन
13	जेजेके	पश्चिम सिंहभूम	तंतनगर	सघन
14			मझगांव	गैर–सघन
15	टीएसआरडी	पाकुर	अमरपाड़ा	गैर–सघन
16			हिरनपुर	सघन
17	एसपीडब्ल्यूडी	साहिबगंज	बोरियो	गैर–सघन
18			तालझारी	सघन
19	एसए	साहिबगंज	बरहेत	सघन
20			पठना	गैर–सघन
21	जीवीटी	गोड्डा	पोरेयाहाट	गैर–सघन
22			पथरगामा	सघन
23	नीड्स	दुमका	जामा	सघन
24		गिरीडीह	गिरीडीह	गैर–सघन

परियोजना क्रियान्वयन रणनीति

ग्राम पंचायतें (जीपी) परियोजना क्रियान्वयन एजेंसी होती हैं। इसलिए, मनरेगा के प्रभावकारी क्रियान्वयन हेतु इन निकायों को सक्षम बनाने के लिए पंचायतों के आसपास सहायता तत्र को सुदृढ़ किया जाएगा। इस परियोजना के कार्यान्वयन के लिए क्षेत्र में उपस्थित अच्छे ट्रैक रिकार्ड वाले, गुणवत्ता मानव संसाधन, तथा शासन एवं प्रबंधन की सुदृढ़ आंतरिक प्रणाली वाले सीएसओ को आमंत्रित किया जाएगा। सीएसओ गांव–वार तथा क्षेत्र–वार वाटरशेड दोनों, योजनाओं के विकास हेतु ग्राम पंचायतों का सहयोग करेंगे। तदनुसार, वाटरशेड सिद्धांतों, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन, डीपीआर तैयारी की प्रक्रिया, डीपीआर की अभिपुष्टि करने के लिए ग्राम सभा (जीएस) के अधिकारों, तथा क्रियान्वयन औ निरीक्षण की आगामी प्रक्रिया पर पीआरआई व एसएचजी के लिए सामूहिक रूप से प्रशिक्षण आयोजित किए जाते हैं। इसके अलावा, सरकारी प्रशासनिक तंत्र (बीडीओ, नोडल अधिकारी) को वाटरशेड दृष्टिकोण के प्रमुख तत्वों, तकनीकी और प्रक्रिया हस्तक्षेप दोनों को समझने के लिए समर्थन दिया जाएगा ताकि कार्यान्वयन की प्रभावी निगरानी और मार्गदर्शन किया जा सके।

परियोजना का बज़ट और अवधि

इस परियोजना के लिए कुल अनुमानित बज़ट रु. 562. 73 करोड़ है। राज्य सरकार मनरेगा बज़ट से भौतिक संरचनाओं के लिए रु. 542.40 करोड़ का योगदान करेगी, बीआरएलएफ रु. 14.74 करोड़ का योगदान करेगी, तथा वेल्थहंगरहिल्फ (डब्ल्यूएचएच) इस परियोजना के लिए सह–दाता के तौर पर रु. 5.59 करोड़ का योगदान करेगा। बीआरएलएफ और डब्ल्यूएचएच की अनुदान सहायता से जमीनी स्तर पर सीएसओ भागीदारों को सहायता देने का खर्च और क्षमता निर्माण लागत को वहन किया जाएगा। इस परियोजना की अवधि जनवरी 2021 से दिसंबर 2025 तक चार वर्ष है।

संपन्न की गई गतिविधियां

सीएसओ का चयनः बीआरएलएफ की अनुदान प्रबंधन नीति के अनुभाग ख में निर्दिष्ट अनुसार नियत तत्परता संस्थापित करने द्वारा सीएसओ का चयन कर लिया गया था। यह देखते हुए कि उच्च प्रभाव वाली परियोजना राज्य और बीआरएलएफ के बीच साझेदारी पर आधारित है, इसलिए सीएसओ का चयन राज्य सरकार के निकट सहयोग से किया जाएगा। आयुक्त की अनुशंसा के अनुसार, चयन प्रक्रिया में मनमानी से बचने और सर्वश्रेष्ठ सीएसओ के चयन में उच्च स्तर की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए, राज्य सरकार और बीआरएलएफ ने योग्य संगठनों से अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित की है। संगठनों के अंतिम चयन के लिए, राज्य एसएलएनए, पंचायत विभाग, बीआरएलएफ और डब्ल्यूएचएच के प्रतिनिधित्व के साथ तथा आयुक्त, मनरेगा की अध्यक्षता द्वारा झारखंड सरकार द्वारा एक उच्च स्तरीय पैनल का गठन किया गया था। पैनल द्वारा परियोजना के कार्यान्वयन भागीदारों के रूप में 12 सीएसओ का चयन किया गया था, और इस परियोजना को लागू करने के लिए बीआरएलएफ के साथ अनुदान समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए थे।

डीपीआर की तैयारी के लिए प्रतिभागिता योजना पद्धति का विकासः परियोजना की योजना व क्रियान्वयन में 12 सीएसओ भागीदार शामिल होंगे। इन सीएसओ को वाटरशेड में एनआरएम, योजना और विकास गतिविधियों में व्यापक अनुभव है। इस परियोजना ने तकनीकी और सामाजिक जुटाव के अनुभवों के साथ संबंधित सीएसओ के कर्मचारियों को लगाने का प्रावधान किया है। परियोजना ने केंद्र में सामुदायिक जुटाव के साथ वाटरशेड योजना के सिद्धांतों को अपनाया है।

"जीवी दाह हासा" के लिए एक परियोजना प्रबंधन चक्रण का विकासः परियोजना के उद्देश्यों के संबंध में संपूर्ण नियोजन गतिविधियों की संरचना के लिए एक विस्तृत परियोजना प्रबंधन चक्र तैयार किया गया था। परियोजना प्रबंधन चक्र की संरचना में विषय–वस्तु, उद्देश्यवार परिणाम, गतिविधियां, परियोजना के निष्पादन हेतु स्टाफ के दायित्व, परिणाम प्रदान करने के लिए हितधारकों की क्षमता निर्माण आवश्यकताएं, और परिणाम प्रदान करने हेतु आवश्यक सामग्री के साथ–साथ गतिविधि की समय–सीमा/समय भी शामिल किया गया है।

वाटरशेड जीआईएस मानचित्रः 12 सघन प्रखंडों के वाटरशेड जीआईएस मानचित्रों को वाटरशेड, गांव की सीमा, डिजिटल एलिवेशन मानचित्र (डीईएम), परिरेखा, जल–निकासी लाइन्स, भूमि उपयोग/भूमि आवरण (एलयूएलसी) मानचित्रों के साथ चित्रित किया गया है। इन सभी मानचित्रों को संबंधित सीएसओ के साथ साझा किया जाता है और उन्हें इसके उपयोग के बारे में बताया जाता है। यह परियोजना वेबसाइट (http://jiwidaahhasa.in) के माध्यम से उपलब्ध हैं।

योजना के लिए एप्प का विकासः प्रतिभागी भूमि उपयोग योजना (एलयूपी) अभ्यास के लिए ओडीके पटल पर मोबाईल एप्लीकेशन विकसित की गई। यह एप्प खेत की फोटोग्राफ तथा जियो लोकेशन सहित खेत व किसानों से संबंधित सूचना अभिग्रहित करती है। यह एप्प हिंदी भाषा में उपलब्ध है, ताकि जमीनी स्तर पर कर्मचारियों द्वारा इस एप्प का उपयोग आसानी से किया जा सके।

"जीवी दाह हासा" वेबसाईटः "जीवी दाह हासा" परियोजना के लिए एक पृथक वेबसाईट बनाई गई है। प्रत्येक सीएसओ भागीदार को लॉगिन सुविधा प्रदान की गई है। ओडीके सर्वेक्षण, प्रशिक्षण, परियोजना परिपत्र, सोशल मीडिया, जीआईएस मानचित्र, आईईसी सामग्री सहित सभी परियोजना संबंधी आंकड़े, तथा परियोजना मानव संसाधन (एचआर) विवरण वेबसाईट के माध्यम से उपलब्ध है। इसके अलावा, नियंत्रण–पट्ट आंकड़े (डैशबोर्ड डेटा) भी उपलब्ध हैं।

योजना कार्य–प्रणाली कार्यशालाः आयुक्त, मनरेगा प्रकोष्ठ, गुजरात सरकार और बीआरएलएफ ने 1 मार्च, 2021 को "जीवी दाह हासा" कार्यक्रम के लिए प्रस्तावित योजना कार्य–प्रणाली तथा एकीकृत वाटरशेड विकास योजना के भाग के रूप में योजना के विषय/घटकों पर विचार करने हेतु एक प्रस्तुतीकरण किया था। एक योजना कार्य–प्रणाली कार्यशाला एसआईआरडी कैम्पस रांची में 10–11 मार्च, 2021 को आयोजित की गई थी। आयुक्त मनरेगा, बीआरएलएफ टीम, मनरेगा के पदाधिकारी (योजना प्रकोष्ठ, पीओ, बीपीओ, जीआरएस, जेई व मुखिया), अर्घ्यम और एटीआरईई के प्रतिनिधि, व 12 सीएसओ भागीदारों की प्रबंधन टीम, तथा "जीवी दाह हासा" परियोजना टीम के प्रमुख लोग कार्यशाला में उपस्थित रहें थे। कार्यशाला के दौरान, भावी भागीदारी योजना कार्य–प्रणाली, परियोजना चक्र, तथा मोबाईल एप्प के साथ योजना पर विचार–विमर्श किया गया था।

कार्यशाला का आरंभः परियोजना आरंभ कार्यशाला 12 मार्च, 2021 को धुरवा रांची के परियोजना भवन के बैठक हॉल में आयोजित की गई थी।

भागीदार संगठनों का प्रशिक्षणः सीएसओ टीम सदस्यों को मनरेगा प्रणाली तथा वाटरशेड योजना दृष्टिकोण पर 'प्रशिक्षण एवं अभिविन्यास' पर एक 4–दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 13 व 16 मार्च 2021 के मध्य एसआईआरडी कैम्पस, रांची में आयोजित किया गया था। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 72 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान योजना के विभिन्न पहलूओं के साथ–साथ, ई–पीआरए तथा ओडीके एप्प पर विचार–विमर्श किया गया। प्रत्येक नियोजन पहलुओं/घटकों के लिए परिकल्पना तथा संकल्पनात्मक समझ प्रदान की गई थी, जबकि जहां पर लागू हो, भागीदारी नियोजन उपकरण सिखाए गए थे।

आईईसी सामग्री का विकासः 6 पोस्टर तथा "जीवी दाह हासा" परियोजना की विवरण–पुस्तिका के साथ आईईसी सामग्री हिंदी व अंग्रेजी में बनाई गई थी, जिसमें आजीविका की वृद्धि, फसल की उत्पादकता तथा जल प्रबंधन की योग्यता के लिए परियोजना उद्देश्य व गतिविधियों का चित्रण किया गया था। एकरूपता में संचार के लिए फ्लिप चार्ट तैयार किया गया है, तथा जो विभिन्न हितधारकों की जानकारी के लिए वेबसाईट के माध्यम से साझा किया गया है।

3.3 पश्चिमी ओड़िशा के जनजातीय क्षेत्रों में कृषि उत्पादन समूहों को प्रोत्साहन

6 नवंबर, 2018 को, बीआरएलएफ ने ओड़िशा के जनजातीय क्षेत्रों में "कृषि उत्पादन क्षेत्रों (एपीसी) के प्रोत्साहन" हेतु बागवानी निदेशालय, कृषि एवं कृषक अधिकारिता विभाग, ओड़िशा लाइवलीहुड्स मिशन (ओएलएम), ओड़िशा सरकार और प्रदान के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। ओड़िशा के माननीय मुख्यमंत्री श्री नवीन पटनायक की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। यह चार–वर्षीय परियोजना बागवानी विभाग, ओएलएम, ओड़िशा सरकार, बीआरएलएफ, प्रदान तथा 16 स्थानीय सीएसओ की सहयोगात्मक पहल है।

परियोजना के मुख्य उद्देश्य राज्य के 12 ऊंची जमीन वाले जिलों में रह रहे छोटे, सीमांत, भूमिहीन किसानों की आय को दुगुना करना है।

परियोजना का कार्य–क्षेत्र

- ओड़िशा के 12 जिलों के 40 पिछड़े प्रखण्ड़ों में 100,000 लघु व सीमांत भूमि धारकों पर लक्षित है।
- किसानों, विशेषकर महिला किसानों को 650 व्यवसायिक माइक्रो–एपीसी (एम–एपीसीएस) अथवा उत्पादक समूहों (पीजी) को स्थापित करने द्वारा व्यवस्थित करना।
- 40 चयनित प्रखण्ड़ों में 30 एपीसी/एफपीओ निर्मित करना।
- 20,000 एकड़ भूमि में उच्च मूल्य वाली कृषि करना।
- कार्य–क्षेत्र में मौजूदा अवसंरचना उपयोग करते हुए तथा नई सिंचाई अवसंरचना बनाने द्वारा 16,000 एकड़ भूमि में सिंचाई सुनिश्चित करना।
- 75% क्षेत्र में गैर–कीटनाशक प्रबंधन (एनपीएम) अभ्यासों को प्रारंभ करना।
- बागवानी फसलों (सब्जी, फल, मसालों) पर ध्यान केंद्रित करना, जबकि 40: परिवार अपनी आय के प्राथमिक स्रोत के रूप में, पशुपालन (बकरी एवं मुर्गीपालन) करना स्वीकार करेंगे।
- मूल्य श्रृंखला समर्थक के तौर पर 750 बाजार से जुड़े कृषि उद्यमियों को स्थापित करना
- चयनित क्षेत्रों में पहचान की गई उपयोगी वस्तुओं के आ. सपास बाजार मार्गों व कार्यकर्ताओं को विकसित करना।

वित्त वर्ष 2020–21 में परियोजना प्रगति

2,187 परियोजना गांवों में से 932 उत्पादक समूहों से 101,575 परिवारों को जोड़ा गया था

30 उत्पादन कंपनियों को पंजीकृत किया गया था तथा 11,998 हिस्सेदार इन उत्पादन कंपनियों के साथ जुड़े रहे थे।

इस परियोजना के अधीन कुल 6759 कम्पोस्टिंग (खाद) इकाईयाँ (कम लागत वाली) विकसित की गई थी।

12,174 एकड़ भूमि को सिंचित भूमि में रूपांतरित किया गया था, तथा नव निर्मित सिंचाई क्षमता से 11,905 परिवार लाभान्वित हुए।

23,262 परिवारों ने पशुपालन प्रोत्साहन पर गहनता से कार्यरत 294 उत्पादक समूहों के माध्यम से पशुधन सहायता प्राप्त की।

आय उत्पादन गतिविधि के तौर पर 1,820 परिवारों ने मशरूम की खेती अपनाई।

पीजी व पीसी के माध्यम से रु. 10.70 करोड़ के 5,928 टन कृषि उत्पाद बेचे गए थे।

71,322 परिवारों ने अपने क्षेत्र में फसल नियोजन सफलतापूर्वक पूरा किया तथा बाद में 56,133 एकड़ भूमि को उच्च मूल्य फसल प्रोत्साहन के अंतर्गत प्रवृत्त किया।

35,141 परिवार 12,804 एकड़ भूमि में एनपीएम अभ्यास कर रहें है

इस परियोजना के तहत पशुपालन प्रोत्साहन के तहत 51,456 परिवारों को डी–वॉर्मिंग तथा वैक्सीनेशन दोनों सुविधाएं प्रदान की गई थी।

इस परियोजना में तैनात सीएसओ के लिए अग्रणी भागीदार–प्रदान द्वारा विभिन्न ऑनलाईन क्षमता निर्माण प्रयास किए थे।

विभिन्न सरकारी विभागों से रु. 183.86 करोड़ का उत्तोलन किया गया था।

परियोजना कार्यक्षेत्र

इस परियोजना का कार्यान्वयन 1 लाख लघु व सीमांत किसानों को लाभान्वित करने के लिए 12 ऊंची भूमि वाले जिलों के 40 प्रखण्डों में किया जा रहा है। जिलों से 35% से अधिक अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजातीय जनसंख्या वाले प्रखण्डों को चयनित किया गया था तथा जहां पर बीआरएलएफ द्वारा सीएसओ की सहायता द्वारा सामाजिक जुटाव के निश्चित स्तर मौजूद हैं। ओएलएम द्वारा सघन प्रखण्डों को अधिकतम लाभान्वित करने के लिए प्रयास कर रहा है।

परियोजना के वित्तीय अनुमान

इस परियोजना की अनुमानित लागत रु. 401.60 करोड़ है। इस परियोजना की लागत में से, पंचायती राज तथा पेयजल विभाग के ओएलएम को संस्थान व क्षमता निर्माण हेतु रु. 70.06 करोड़ की सहायता प्रदान की गई, ओड़िशा कृषि प्रोत्सान व निवेश निगम लिमिटेड (एपीआईसीओएल) ने रु. 17.80 करोड़ जुटाए, कृषि एवं कृषक अधिकारिता विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों ने मौजूदा कार्यक्रमों के अभिसरण के माध्यम से रु. 293.40 करोड़ रूपए की राशि जुटाई। बीआरएलएफ ने अपने संसाधनों के साथ रु. 16.74 करोड़ की सहायता प्रदान की, तथा परियोजना के सुचारू क्रियान्वयन और सुगमता के लिए प्रतिभागी सीएसओ द्वारा रु. 3.6 करोड़ जुटाए गए थे। इस कार्यक्रम हेतु, बीआरएलएफ ने फोर्ड फाउंडेशन, नई दिल्ली से वित्तीय सहायता व तकनीकी आदान प्राप्त किए हैं।

वित्त वर्ष 2020–21 के लिए मुख्य विशेषताएं

मिशन शक्ति के साथ समझौता ज्ञापनः 12 जून, 2020 को बागवानी, कृषि एवं कृषक अधिकारिता विभाग, ओड़िशा; मिशन शक्ति, महिला एवं बाल विकास विभाग, ओडिशा; ओएलएम, पंचायती राज और पेयजल विभाग ओडिशा; बीआरएलएफ और प्रदान के मध्य एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया गया था, इस समझौता ज्ञापन के तहत अतिरिक्त 282 उत्पादक समूहों को प्रोत्साहित करने तथा मौजूदा परियोजना की सहायता करने का लक्ष्य है। इस साझेदारी की अवधि 1 अप्रैल, 2020 से प्रारंभ होकर 31, मार्च 2022 तक दो वर्ष है। मिशन शक्ति द्वारा पीजी, पीसी तथा क्षमता निर्माण के लिए कुल अनुमानित बजट रु. 50.31 करोड़ की सहायता प्रदान की जाएगी।

भागीदार का नाम	आवंटित जिला	आवंटित प्रखण्ड
एसआईडीआई	संबलपुर	जमनकिरा, कुचिंडा
जनसहाज्य	कालाहांडी	लांजीगढ़, थौमूल रामपुर
आईडीए	क्योंझर	क्योंझर सदर, झूमपुरा
सीवाईएसडी	कोरापुट	दसमांतपुर, भोइपरिगुडा, ठाकुरमंडा
सेवा	झारसुगुडा	लाईकडा, कोलाबीरा
वाईसीडीए	बौध	कांतामाल
लोकदृष्टि	नूआपाडा	खरियार, बोडेन
एजेएसए	कालाहांडी	गोलामुंडा
जेएमए	बालांगीर	मुरिवहल
अधिकार	बालांगीर	बेलपडा
एसएसएस	बालांगीर	बांगोमुंडा
बीजीएस	बालांगीर	तुरेइकेला
विकल्प	बालांगीर	खापराखोल
एफईएस	कोरापुट	सेमलीगुडा, पोट्टांगी
प्रदान	कंधमाल, रायगडा, कोरापुट, क्योंझर, मयूरभंज	फूलबनी सदर, बालीगुडा, के. नुआगांव, कोलनारा, नंदपुर, लांपटापुट, पटना, बंसपाल, जाशीपुर, करंजिया
हर्षा ट्रस्ट	रायगडा, कोरापुट	बिसमकटक, मुनिगुडा, के. सिंहपुर, बोरिगुमा, कुंद्रा, हरिचंदनपुर, खूंटा, कनकादाहड
सृष्टि	क्योंझर, मयूरभंज, ढ़ेंकनाल	हरिचंदनपुर, खूंटा, कनकादाहड

आईटीडीए के साथ सहभागिता: कोविड के दौरान, अनुसूचित जाति एवं जनजातीय विभाग (इंटीग्रेटड ट्राईबल डवेल्पमेंट एजेंसी–आईटीडीए), ओड़िशा सहायता के लिए आगे आया तथा एपीसी परियोजना के 28 प्रखण्डों में सहायता प्रदान करने के लिए एपीसी परियोजना के साथ सहभागिता की। कृषि, तथा पशुपालन क्षेत्रों में, आदान आपूर्ति के रूप में सहायता आयी तथा कुछ प्रखण्डों में आईटीडीए ने यंत्रीकरण तथा सिंचाई की सहायता प्रदान की।

उत्पादन समूहों का पंजीकरण: वित्त वर्ष 2020–21 में 932 उत्पादक समूह तथा 30 उत्पादक कंपनियों का सफलतापूर्वक पंजीकरण किया गया।

उत्पादक समूह व उत्पादक कंपनी के माध्यम से सामूहिक विपणन: गत वर्ष, एपीसी उत्पाद का 5,928 टन, विशेष तौर पर रु. 10.70 करोड़ की सब्जी, तिलहन, तथा दालें विभिन्न विपणन पहुंच–मार्गों जैसे "पहियों पर सब्जियां" (वेजिटेब्ल्स ऑन व्हील्स), शहरों में छोटे आउ. टलेट खोलना अथवा ट्रेडरों को थोक बिक्री अपनाते हुए सामूहिक विपणन के माध्यम से बेची गई।

एपीसी विस्तार: प्रथम चरण में एपीसी परियोजना की सफलता को देखते हुए, सरकार ने जिला खनिज निधि (डीएमएफ) तथा बीआरएलएफ की सहायता के साथ कुछ और प्रखण्डों व जिलों में परियोजना बढ़ाने की सहमति प्रदान की।

इस वित्त वर्ष में विभिन्न विभागों के माध्यम से कुल रु. 145.31 करोड़ का उत्तोलन किया गया था।

यूएएनएटी परियोजना

29 सितम्बर, 2020 को, बीआरएलएफ ने उत्कल एल्यूमिना इंटरनेशनल लिमिटेड (यूएआईएल) के साथ एक समझौता ज्ञापन प्रविष्ट किया था। 1993 में संस्थापित, यूएआईएल, आदित्य बिरला समूह कंपनी हिंडालको की 100: सब्सिडरी कंपनी है। परियोजना का लक्ष्य रायगडा के काशीपुर प्रखण्ड तथा कालाहाण्डी जिले के टीएच. रामपुर प्रखण्ड में रह रहे 15,000 छोटे व सीमांत किसानों की आय दुगुनी करना है। एकीकृत आजीविका विकास परियोजना तीन क्षेत्रो– कृषि, जल व पशुधन पर लक्षित है।

परियोजना के कार्यक्षेत्र

- दो लक्षित प्रखण्डों में कृषि उत्पादकता व फसल सघनता की वृद्धि करना
- इन दो प्रखण्डों में उत्पादकता प्रणाली और विपणन की सेवाओं को संगठित करने से प्रभावकारी विधि के तौर पर एपीसी मॉडल का क्रियान्वयन करना
- सिंचाई हेतु वर्ष के दौरान जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने से लक्षित क्षेत्र में सिंचाई संरचना का सुधार करना तथा जल संसाधन की संवृद्धि करना
- सर्वोत्तम पालन–पोषण अभ्यास प्रारंभ करने के माध्यम से पशुधन उत्पादकता को बढ़ावा देना
- फसलों पर लक्षित अभ्यासों के उपयुक्त पैकेज के साथ कम आदान लागत गैर–कीटनाशक–आधारित प्रथाओं को आरंभ करना, जो क्षेत्र की कृषि–पारिस्थितिकी जैसे बाजरा और सब्जियां हेतु बेहतर अनुकूल है।
- गैर इमारती लकड़ी वन्य उत्पाद (एनटीएफपी) तथा लघु वन्य उत्पाद (एमएफपी) के लिए लाभकारी मूल्य श्रृंखला प्रणाली संस्थापित करना।

परियोजना के कार्यक्षेत्रः

राज्य का नाम	जिले का नाम	प्रखण्ड का नाम	लक्षित परिवारों की संख्या
ओड़िशा	कालाहांडी	टी. रामपुर	7500
	रायगडा	काशीपुर	7500

वित्त वर्ष 2020–21 में परियोजना प्रगति

- टी.रामपुर तथा काशीपुर प्रखण्डों में परियोजना कार्यालयों को संस्थापित व संचालित किया गया है
- संबंधित परियोजना प्रखण्डों पर परियोजना स्टाफ की नियुक्ति की गई है।
- जीपी निर्धारण (ओएलएम की सहमति सहित), बाग. वानी विभाग व यूएआईएल।
- परियोजना विवरणों के बारे में स्टाफ को उन्मुख तथा कालाहांडी में आरंभ कार्यशाला आयोजित की गई।
- डीपीआर तैयार करने पर प्रतिभागियों का वर्चुअल प्रशिक्षण
- स्वयं सहायता समूहों तथा अन्य ग्रामीण संस्थानों के साथ ग्राम स्तरीय प्रतिभागिता बैठकें आयोजित की गई हैं।
- अग्रणी किसानों को विषय संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किए गए।
- मौजूदा व संभावित सिंचाई संरचना, एकत्रीकरण, तथा एनटीएफपी के विपणन का प्रारंभिक स्थिति सर्वेक्षण करना।

3.4 ऊषर–मुक्ति– पश्चिम बंगाल राज्य के पश्चिमी भाग में वाटरशेड प्रणाली में मनरेगा का प्रभावकारी क्रियान्वयन

ऊषर–मुक्ति मनरेगा से वित्त–पोषण द्वारा वाटरशेड आधार पर उपयुक्त भूमि व जल के उपचार करने द्वारा चयनित प्रखण्डों में जनजातीय, महिलाओं व अन्य कमजोर समूहों के लिए स्थायी आजीविका बनाने के लिए भारत रूरल लाइवलीहुड्स फाउंडेशन द्वारा समर्थित राज्य में सीएसओ–सरकारी सहयोग की एक अनूठी पहल है। पी एवं आरडी विभाग में मनरेगा प्रकोष्ठ, पश्चिम बंगाल सरकार, बीआरएलएफ तथा 7 सीएसओ ने परियोजना शीर्षक "ऊषर–मुक्ति – पश्चिम बंगाल राज्य के पश्चिमी भाग वाटरशेड प्रणाली में मनरेगा के प्रभावकारी क्रियान्वयन" प्रारंभ करने से त्रिपक्षीय समझौता किया। अगस्त 2017 को पश्चिम बंगाल मनरेगा प्रकोष्ठ और बीआरएलएफ के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे और यह परियोजना अगस्त 2021 में समाप्त हो जाएगी। ऊषर–मुक्ति पश्चिम बंगाल (जंगलमहल) के पश्चिमी पठार और उच्चभूमि क्षेत्रों पर केंद्रित है, जो राज्य के सबसे गरीब हिस्सा है, जिसमें आदिवासी जनसंख्या (जनसंख्या का 40: अनुसूचित श्रेणियों से संबंधित है) की अधिक सघनता, वन्य गांवों का उच्च अनुपात और एचडीआई के सभी मापदंडों में कम गणना विशेषता है।

परियोजना का लक्ष्य चोटी से मैदान पर पहुंच बनाने द्वारा अजय, मयूराक्षी, दामोदर, दरकेश्वरी, कंसबती, शिलाबाती, और स्वर्णमुखी तथा उनकी सहायक नदियों के साथ 7 खस्ताहाल नदियों के जीर्णोद्धार करने से जलग्रहण में 12,00,000 हेक्टेयर को विकसित करना है, जो बंगाल की नदियों तथा उनके जलग्रहण क्षेत्रों के पुनरुद्धार व कायाकल्प से अग्रणी है, जो जलवायु परिवर्तन के प्रभाव का उन्मूलन भी करता है। इसके अलावा, परियोजना क्रियान्वयन के माध्यम से, यह जलवायु अनुकूल समुदायों को विकसित करने, कृषि प्रबंधन प्रथाओं में सुधार करने,



कृषि प्रथाओं को तेज करने और विविधता लाने में सहायता करेगा, जिससे अतिरिक्त आय होगी, वैकल्पिक, स्थायी आय पैदा करने वाली गतिविधियां उत्पन्न होंगी, जबकि सामाजिक पूंजी को बढ़ाने और लोगों, पंचायती राज संस्थान (पीआरआई), और सरकार के बीच मजबूत संबंधों को बढ़ावा देने में सहायता मिलेगी। हस्तक्षेप से 5,00,000 परिवारों, विशेषकर आदिवासी परिवारों को लाभ होगा। इस परियोजना में पुरुलिया, बांकुरा, झारग्राम, बीरभूम, पश्चिमी मेदिनीपुर और पश्चिम बर्धमान सहित पश्चिम बंगाल के 6 जिलों में 2,044 माइक्रो वाटरशेड, 10,091 गांवों, 384 जीपी, 54 प्रखण्ड शामिल हैं।

क्षेत्र क्रियान्वयन में लगे हुए सीएसओ भागीदारः

1. डवेल्पमेंट रिसर्च कम्यूनिकेशन एण्ड सर्विस सेंटर (डी. आरसीएससी)
2. टैगोर सोसाइटी फॉर रूरल डवेल्पमेंट (टीएसआरडी)
3. रूरल डवेल्पमेंट एसोसिएशन (आरडीए)
4. शमायिता मठ (एसएम)
5. लोक कल्याण परिषद् (एलकेपी)
6. प्रदान (अग्रणी सीएसओ)
7. प्रसारी (फोर्ड फाउंडेशन)

वित्त वर्ष 2020–21 में कार्यक्रम की प्रगति की मुख्य विशेषताएं

- सभी विस्तृत परियोजना रिपोर्टें (डीपीआर) तैयार कर ली गई हैं। परियोजना के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए, मनरेगा से निधि उत्तोलन करने द्वारा वाटरशेड आधार पर भूमि और जल उपचार उपायों को शुरू करने के लिए 90 माइक्रो–वाटरशेड डीपीआर का भी पुनः दौरा किया गया है।
- हितधारकों–राज्य सरकार के मध्य समन्वयन, पीआरआई तथा सीएसओ को सभी सभी स्तरों पर समीक्षा बैठकों के माध्यम से सुदृढ़ किया गया तथा सभी हितधारकों की क्षमता निर्माण की गई।
- ऊषर–मुक्ति योजना व क्रियान्वयन पर सरकारी पदाधिकारियों (जीपी एवं प्रखण्ड) तथा पीआरआई के लिए विभिन्न हितधारकों–621 के साथ क्षमता निर्माण गतिविधियां आयोजित की गई, समुदायों के साथ 1,910 बैठकें, तथा कार्यक्रम के बेहतर क्रियान्वयन के लिए सीएसओ स्टाफ की क्षमता वृद्धि के लिए 11 बैठकों का आयोजन किया गया।
- प्रवेश पर हल्के फैलाव के साथ मनरेगा में 2021–22 के लिए वार्षिक कार्य योजना (एएपी) हेतु प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन (एनआरएम) योजना का 70% समावेश किया गया था।
- 2020–21 में, परिपूर्णता स्तर पर कार्य पूर्ण करने के लिए कुल 90 मॉडल माइक्रो वाटरशेड चयनित किए गए थे। मार्च 2021 तक, 70% प्रगति अर्जित हो गई है तथा शेष कार्य जुलाई 2021 तक पूर्ण किए जाएंगे।
- मनरेगा योजना क्रियान्वयन से संरक्षण संरचना के साथ कुल उपचारित क्षेत्र 76,291 के साथ 46,554.15 हेक्टेयर था। 150% की फसल सघनता के अधीन लाभान्वित कुल क्षेत्र 29,382.89 हेक्टेयर था।
- 2020–21 में, कुल व्यय राशि (मनरेगा से उत्तोलन राशि) रु. 629.23 करोड़ है, जबकि 3.11 करोड़ व्यक्ति दिवस उत्पादित हुए हैं।
- संधारणीय आजीविक हेतु, 6,301 स्वयं सहायता समूहों को कृषि, मुर्गी पालन, बकरी पालन, मत्स्य पालन, मशरूम तथा एनटीएफपी के विकास हेतु ऊषर–मुक्ति के अधीन विकसित किया गया था। 665,520 परिवारों को सघन आजीविका गतिविधियों के अधीन लाभान्वित किया गया था।
- सभी ऊषर–मुक्ति सीएसओ ने सरकार के साथ कोविड–19 महामारी राहत कार्यों में भाग लिया। उन्होने "द्वार सरकार," सहित राज्य स्तरीय योजनाओं के निष्पादन में सरकारी कार्यकर्ताओं को भी सुविधा प्रदान की, जहां पर जॉब कार्ड तथा अन्य लाभ समुदायों को वितरित किए गए थे।

- 87,000 परिवारों को इस कार्यक्रम के अधीन लाभान्वित किया गया था
- 77,023 योजनाएं कार्यान्वित की गई
- उच्च फसल सघनता के अधीन 89,751.90 हेक्टेयर, तथा 35,652 हेक्टेयर अतिरिक्त क्षेत्र को आवृत्त किया गया,
- 5.46 करोड़ व्यक्ति दिवस उत्पादित करते हुए,
- मनरेगा के तहत कुल व्यय आईएनआर 983.92 करोड़ किया गया,
- अन्य लाईन विभागों के माध्यम से व्यय आईएन. आर 115.36 करोड़ है
- ऊषरमुक्ति के लिए कुल व्यय उत्तोलन आईएन. आर 1,099.28 करोड़ है

ऊषर मुक्ति कार्यक्रम की पहुँच

क्र.सं.	सीएसओ का नाम	जिलों के नाम	प्रखण्डों की संख्या	एमडब्ल्यू एस की सं.	पंचायतों की संख्या	गांवों की संख्या	परिवारों की संख्या
1	डीआरसीएससी	पुरुलिया	5	202	46	425	138104
2	एलकेपी	पश्चिम बर्धवान एवं पुरुलिया	8	245	77	697	95909
3	आरडीए	झाडग्राम, पश्चिम मेदनीपुर	4	191	40	1611	11647
4	एसएम	बांकुरा	5	161	44	604	27879
5	टीएसआरडी	पुरुलिया	5	144	33	514	117929
6	प्रदान	झाडग्राम, बांकुरा, पुरुलिया	22	1019	194	3926	607659
7	प्रसारी	बीरभूम	5	55	13	441	64028
	कुल		54	2017	447	8218	1063155

ऊषर–मुक्ति कार्यक्रम– व्यय और व्यक्ति–दिवस के कार्य स्थिति की प्रगति

क्र.सं.	जिला	2018–19		2019–20		2020–21		कुल	
		व्यय (लाख)	बनाए गए व्यक्ति दिवस	व्यय (लाख)	बनाए गए व्यक्ति दिवस	व्यय (लाख)	बनाए गए व्यक्ति दिवस	व्यय (लाख)	बनाए गए व्यक्ति दिवस
1	बांकुरा	3669.97	3081405	7560.08	4997634	17274.18	7675887	28504.23	15754926
2	पुरुलिया	1310.56	792251	10557.76	6489544	23553.77	13503528	35422.09	20785323
3	झाड़ग्राम	763.59	400151	5563.25	3684275	11883.12	4766558	18209.96	8850984
4	पश्चिम मेदनीपुर	40.12	20817	1492.19	919848	1406.48	533998	2938.79	1474663
5	पश्चिम बर्धवान	1147.95	779777	1753.52	1216311	3961.19	2417008	6862.66	4413096
6	बीरभूम	326.64	157885	1283.19	974137	4844.20	2190072	6454.03	3322094
	कुल	7258.83	5232286	28209.99	18281749	62922.94	31087051	98391.76	54601086

एक झलक में ऊषर–मुक्ति कार्यक्रमः 2017–2020 का प्रभाव मूल्यांकन

क्र.सं.	मापदण्ड	
1	कुल क्षेत्रफल जहाँ मृदा अपरदन की जाँच की गई (हेक्टेयर)	29017.58
2	अतिरिक्त स्थायी वनस्पति सृजित (हेक्टेयर)	18686.72
3	अतिरिक्त अपवाह अवरुद्ध (हैम.)	29791.39
4	डब्ल्यूएचएस में बहाल पानी की कुल मात्रा (हैम./वर्ष)	15506.61
5	प्रति व्यक्ति अतिरिक्त जल संचयन क्षमता सृजित (घन मीटर)	49.88
6	सुनिश्चित खरीफ फसल की कृषि का बढ़ाया गया कुल क्षेत्र (हेक्टेयर)	155066.13
7	सुनिश्चित रबी फसल की कृषि का बढ़ाया गया कुल क्षेत्र (हेक्टेयर)	51688.71
8	सुनिश्चित ग्रीष्मकालीन फसल की कृषि का बढ़ाया गया कुल क्षेत्र (हेक्टेयर)	10337.74

3.5 झारखण्ड व मध्य प्रदेश के विशिष्टतः असुरक्षित जनजातीय समूह' (पीवीटीजी) के जीवन को रूपांतरित करने हेतु नागरिक समाज क्रिया को सुदृढ़ करना

बीआरएलएफ यूरोपीय संघ की वित्त पोषित परियोजना "झा. रखण्ड और मध्य प्रदेश के विशिष्टतः असुरक्षित जनजातीय समूह' (पीवीटीजी) के जीवन को रूपांतरिक करने के लिए नागरिक समाज क्रिया को सुदृढ़ करने" का क्रियान्वयन कर रही है। यह परियोजना मध्य प्रदेश व झारखण्ड में विशिष्टतः असुरक्षित जनजातीय समूह' तथा दलितों के जीवन व आजी. विका को रूपांतरित करने हेतु निम्नलिखित द्वारा लक्षित है:

- जलवायु परिवर्तन के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए जल एवं स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्रों में जमीनी स्तर पर नागरिक सामाजिक संगठनों के हस्तक्षेप के परिणामों की गुणवत्ता में वृद्धि करना।
- संसाधन जुटाने, पक्षपोषण तथा नीति संवाद में नागरिक सामाजिक संगठनों की क्षमता का निर्माण करना
- जल और स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में उन्नत पर्यावरण अनुकूलन हेतु कार्यक्रम सामग्री व रणनीति में नवाचार बढ़ाना

लाभान्वित प्रखण्ड व जिले

यह परियोजना मध्य प्रदेश के 3 जिलों के 4 प्रखण्डों तथा झारखंड में 2 जिलों के दो प्रखण्डों में लगभग 279 गांवों में कार्यान्वित की जा रही है।

प्रमुख परिणामः

2020–21 में, परियोजना के तहत गठित समुदाय आधारित संगठनों को मजबूत करने और केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं से बड़े पैमाने पर अभिसरण की सुविधा के लिए प्रमुख ध्यान दिया गया था। परिणामस्वरूप, महात्मा गांधी

राज्य	जिला	प्रखण्ड	गांवों की संख्या	कार्यान्वयन भागीदार
झारखण्ड	लातेहार	मानिका	40	वीएसके
	पलामु	छत्तरपुर	35	वीएसके
मध्य प्रदेश	शिवपुरी	शिवपुरी	65	परहित
	श्योपुर	काराहाल	27	निस्वार्थ
		बिजयपुर	52	धरती
	गुना	गुना	60	कल्पतरु

राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत 400 जल संचयन संरचनाएं निर्मित की गई तथा उज्ज्वला योजना से लगभग 10,240 परिवारों को लाभान्वित किया गया। इसके अलावा, परियोजना भागीदारों ने परियोजना के तहत प्रारंभ किए गए हस्तक्षेपों, विशेष रूप से बड़े पैमाने पर मिट्टी और जल संरक्षण कार्यों को बढ़ाने के लिए सरकारी योजनाओं से संसाधनों का सफलतापूर्वक लाभ उठाया है। कई अन्य परिवार पशुधन विकास और कृषि उत्पादकता वृद्धि के माध्यम से लाभान्वित हुए हैं। संधारणीय कृषि और पशुधन विकास आदि के माध्यम से लगभग 17,335 परिवार लाभान्वित हुए हैं।

2020 में इस परियोजना की समीक्षा यूरोपीय संघ द्वारा नियुक्त एक परिणाम उन्मुख निगरानी (आरओएम) विशेषज्ञ सुश्री स्टेफानिया पिरानी द्वारा की गई थी। समीक्षा के दौरान, सुश्री पिरानी ने परियोजना के परिणामों को प्राप्त करने के लिए बीआरएलएफ और टीम द्वारा किए गए कार्यों को स्वीकार किया था।

कोविड–19 के फैलाव तथा एफसीआरए कानून में संशोधन के कारण परियोजना गतिविधियां प्रभावित हुई हैं। एफसीआरए कानून में नए संशोधन के परिणामस्वरूप, बीआरएलएफ को इस परियोजना के लिए उप अनुदान बंद हो गया था। बीआरएलएफ ने पारस्परिक रूप से कार्यान्वयन भागीदारों के साथ साझेदारी को बंद कर दिया और यूरोपीय संघ से बिना किसी लागत के विस्तार के लिए अनुमोदन प्राप्त करने के बाद सीधे इस परियोजना को कार्यान्वित करने का निर्णय लिया।

उपलब्धियां:

- परियोजना में नियुक्ति के लिए मध्य प्रदेश से 60 समुदाय आधारित संगठन तथा झारखण्ड से 40 समुदाय आधारित संगठन पहचाने गए और पंजीकृत किए गए थे।
- सभी परियोजना गांवों से 279 स्वयं सहायता समूहों को गठित/पुनर्जीवित किया गया, इस समय 210 स्वयं सहायता समूह राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के साथ जुड़े हुए हैं

- 100% किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) (05) ने परिप्रेक्ष्य/व्यावसायिक योजनाओं को तैयार किया तथा उनका क्रियान्वयन कर रहे हैं
- 80% समुदाय आधारित संगठनों (210 स्वयं सहायता समूह) ने वित्तीय संस्थानों से ऋण प्राप्त किया है
- 5 निर्दिष्ट तथा विषय आधारित क्षेत्रों जैसे जल, स्वच्छ ऊर्जा, तथा जलवायु परिवर्तन पर 215 मानव संसाधन प्रशिक्षित किए गए हैं
- मनरेगा के अधीन 1759 जल संचयन संरचनाओं का निर्माण किया गया तथा 500–हेक्टेयर भूमि सुरक्षित सिंचाई के अंतर्गत लाई गई।
- अंतिम खरीफ एवं रबी के सीजन में खाद्यान उत्पादन 20% तक बढ़ा है
- 50% से अधिक (10,240) परिवारों को उज्ज्वला योजना के अंतर्गत लाभान्वित किया गया है
- मध्य प्रदेश तथा झारखण्ड से 203 युवाओं के लिए सौर ऊर्जा पर 5 उद्यमिता विकास प्रशिक्षण आयोजित किए गए थे।
- प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 1520 घरों का निर्माण किया गया था
- 279 गांवों से 14,442 किसानों को प्रशिक्षित किया गया तथा धारणीय कृषि प्रथाएं जैसे एनपीएम, एसआरआई, लाईन बीजाई तथा मिश्रित फसल प्रारूप अपनाने की सुविधा प्रदान की गई।
- 5 ग्राम पंचायतों के 14 गांवों के लिए जीआईएस योजना प्रक्रिया पूरी कर ली गई थी तथा गांवों में 80% कार्य कर लिया गया है।
- सरकारी योजनाओं के माध्यम से 3 सौर पंप स्था. पित किए गए और परियोजना गांवों में अधिक सौर पंप स्थापित करने के लिए मध्य प्रदेश ऊर्जा विकास निगम और झारखंड अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी के तहत 29 किसानों को पंजीकृत किया गया। 2019–20 में परियोजना के गांवों में 5 सौर पंप लगाए गए थे।
- 52 मानव संसाधनों को सामुदायिक स्तर की जल सुरक्षा योजनाएँ तैयार करने के लिए प्रशिक्षित किया गया, परिणामस्वरूप, 15 जल उपयोगकर्ता समूह अब जल सुरक्षा योजनाओं के आसपास सर्वोत्तम प्रथाओं का पालन कर रहे हैं।
- योजनाओं जैसे मनरेगा तथा अन्य संबंधित विभागों के माध्यम से जुटाई गई निधि 1,100 लाख रुपये से 1759 जल संचयन संरचनाओं का निर्माण किया गया था।

3.6 बोडोलैंड प्रादेशिक परिषद (बोडोलैंड टेरिटोरियल काउंसिल) तथा बीआरएलएफः एक नया संबंध

27 जनवरी, 2020 को, भारत सरकार, नेशनल डेमोक्रेटिक फ्रंट ऑफ बोडोलैंड तथा ऑल बोडो स्टूडेंट यूनियन के बीच एक समझौता ज्ञापन पहुंचा था और सभी मुख्य गुटों ने हथियार डाल दिए थे, जो शांति एवं विकास के कार्य के लिए सुलझाया गया है। बोडोलैंड टेरिटोरियल कांउसिल के मुख्य कार्यकारी सदस्य (सीईएम) श्री प्रमोद बोडो ने अपनी सहायता के लिए बीआरएलएफ को निवेदन करते हुए बीआरएलएफ के संस्थापक अध्यक्ष, डॉ. मिहिर शाह को लिखा। यह निश्चित किया गया कि बीआरएलएफ जमीनी स्तर पर नए नेतृत्व के क्षमता निर्माण के लिए ध्यान देने के साथ सहायक एजेंसी की भूमिका निभाएगी। जमीनी स्थिति और कार्य की संभावनाओं को समझने के लिए एक व्यापक अध्ययन करना चाहिए। यदि जन केन्द्रित विकास कार्य नहीं हुए तो इस क्षेत्र में एक बार फिर हिंसा की चपेट में आने का पूरा खतरा है। क्षेत्र की विशिष्ट पारिस्थितिकी की अच्छी समझ के आधार पर आजीविका पर काम करना महत्वपूर्ण होगा। यह सब बीआरएलएफ की मूल रणनीति और दृष्टिकोण के साथ बहुत अच्छी तरह से फिट बैठता है।

ग्रामीण विकास मंत्रालय और बीआरएलएफ के बीच हस्ताक्षरित किए गए समझौता ज्ञापन के अनुसार, बीआरएलएफ के कार्य का प्रारंभिक ध्यान मध्य भारत के जनजातीय क्षेत्र पर होना चाहिए था, लेकिन बाद के वर्षों में बीआरएलएफ पूरे भारत में कार्य करने का अवसर मिलना चाहिए था। बीटीसी के सीईएम द्वारा लिखे गए पत्र के साथ बोडोलैंड में कार्य करने का मामला 25 मार्च 2021 को बीआरएलएफ के सामान्य निकाय और कार्यकारी समिति की बैठक में उनके समक्ष रखा गया था। जीबी और ईसी ने सर्वसम्मति से इस साझेदारी को अनुमोदन प्रदान किया।

बीटीसी और बीआरएलएफ द्वारा नामित सदस्यों के साथ एक कार्य बल गठन किया गया है। कार्य बल में शामिल हैः

- श्री नरेन बसुमातरी, एसीएस और सचिव, बीटीसी,
- डॉ. संगरंग ब्रह्मा, सीईएम के ओएसडी
- श्री राजू नसर्जरी, कार्यकारी निदेशक, एनईआरएसडब्ल्यूएन
- श्री प्रद्युत भट्टाचार्जी, कार्यकारी निदेशक, सेस्टा
- डॉ. सुनील कौल, द एंट नेटवर्क
- सुश्री स्मिता अग्रवाल, कार्यकारी समिति सदस्य, बीआ. रएलएफ
- सुश्री पिंकी ब्रह्मा चौधरी, सह–संस्थापक, समाज प्रगति सहयोग
- श्री प्रमथेश अंबष्ट, सीईओ, बीआरएलएफ

बेसलाइन स्कोपिंग अध्ययन करने पर कार्य प्रारंभ हो गया है, लेकिन कोविड–19 महामारी के कारण इसे रोकना पड़ा है।

पृष्ठभूमि पर, कार्यान्वयन किया जाता है, जिसमें 7 राज्यों के 14 जिलों के 20 पायलट स्थानों में तकनीकी भागीदारों द्वारा प्रदान की गई सहायता शामिल है।

4. सीएसओ भागीदारों की विषय-क्षेत्र संबंधी तकनीकी सहायता

4.1 सहभागी भू–जल प्रबंधन (पीजीडब्ल्यूएम)

अर्घ्यम के सहयोग से, बीआरएलएफ ने सहभागी भूजल प्रबंधन (पीजीडब्ल्यूएम) पर केंद्रित पायलटों को क्रियान्वित किया गया है। बीआरएलएफ भागीदारों द्वारा पृष्ठभूमि पर, कार्यान्वयन किया जाता है, जिसमें 7 राज्यों के 14 जिलों के 20 पायलट स्थानों में तकनीकी भागीदारों द्वारा प्रदान की गई सहायता शामिल है।

अक्टूबर 2020 में, बीआरएलएफ के भागीदारों ने पीजीडब्ल्यूएम परियोजना को पूरा किया, और जिसके फलस्वरूप भूमि पर दिलचस्प परिणाम प्राप्त हुए।

बीआरएलएफ की पहल ने सीआईटीबी में सहभागी भूजल प्रबंधन के लिए साक्ष्य बनाने में सहायता की है। इस पहल ने संसाधनों और संसाधन निगरानी तंत्र की साझा समझ के महत्व पर भी बल दिया है। भूजल विकास का वर्तमान प्रतिमान, जिसे सीआईटीबी में बढ़ावा दिया जा रहा है, को सावधानी के साथ आगे बढ़ाना चाहिए और शासन के तत्वों को एकीकृत करना चाहिए जो संसाधन की स्थिरता को सक्षम करते हैं और क्षेत्र में जल सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। इस कार्यक्रम ने एक 3डी पीजीडब्ल्यूएम दृष्टिकोण के विकास को सक्षम किया है जो निम्नलिखित में आंकड़े, प्रसार और निर्णय लेने पर केंद्रित है:

प्रसार

- प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण
- सामुदायिक बैठकें
- उपयोगकर्ता समूहों के साथ बैठकें
- ग्राम सभा • जिला स्तरीय कार्यशालाएं
- आंतरिक कार्यशाला • आईईसी सामग्री

आंकड़े

- निगरानी नेटवर्क और आंकड़े प्रबंधन
- जलभृत मानचित्र • जल की गुणवत्ता
- सामाजिक–जल–भूवैज्ञानिक स्थिति
- जलभृत की विशेषताएं
- जल गुणवत्ता संभावित पुनर्भरण क्षेत्रों का सीमांकन

निर्णय

- जल सुरक्षा योजना– आपूर्ति पक्ष के हस्तक्षेप के लिए हस्तक्षेप
- प्रबंधन के लिए प्रोटोकॉल का विकास
- प्रबंधन के लिए समितियों का सुदृढ़ीकरण/निर्माण
- प्रबंधन के लिए प्रोटोकॉल को अपनाना

अक्तूबर 2020 से पीजीडब्ल्यूएम प्रक्रिया की प्रमुख गतिविधियाः

- 20 पीजीडब्ल्यूएम पायलट स्थानों में भूवैज्ञानिक और जल–भूवैज्ञानिक मानचित्रण।
- 20 पीजीडब्ल्यूएम पायलट स्थानों में जलवाही स्तर विवरण (पंपिंग परीक्षण) पूरा किया गया
- सभी 20 पीजीडब्ल्यूएम पायलट स्थानों में जल गुणवत्ता जांच पूरी कर ली गई है।
- सभी स्थानों पर सामुदायिक प्रोटोकॉल स्थापित किए गए तथा भूजल पर निर्भरता कम करने और उपलब्ध जल के अनुकूलतम उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए समुदाय द्वारा उनका पालन किया गया।
- सभी 20 पायलट स्थानों में फसल जल बजट एवं जल सुरक्षा योजना तैयार एवं क्रियान्वित की गई।
- भूजल से संबंधित उपलब्ध संसाधनों के अनुकूलतम उपयोग सुनिश्चित करने के लिए बीआरएलएफ भागीदारों और समुदायों के लिए विभिन्न क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किए गए।
- 100 सामुदायिक संसाधन व्यक्तियों (सीआरपी) को अच्छी तरह से निगरानी, फसल जल बजट और जल सुरक्षा योजनाओं के कार्यान्वयन में प्रशिक्षित किया गया।
- 20 विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) (सभी वैज्ञानिक आदानों के साथ) तैयार की गई और 20 पायलट स्थानों में जल सुरक्षा योजनाओं के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन को प्रस्तुत की गईं।
- पीजीडब्ल्यूएम परियोजना स्थानों के भीतर जल सुरक्षा योजना के अनुसार सरकारी योजनाओं के माध्यम से जल संचयन संरचनाओं (खुला कुआं, स्टॉप डैम और फार्म तालाब) के निर्माण और वृद्धि के लिए रु. 8 करोड़ जुटाए गए हैं।
- इस पहल से सीखे गए सबक के आधार पर, बीआरएलएफ भागीदारों ने इस पहल को और बढ़ाने के लिए 20 पायलट साइटों के अलावा 10 नए गांवों में पीजीडब्ल्यूएम का प्रारंभ किया है।

4.2 गैर–कीटनाशक प्रबंधन (एनपीएम)

बीआरएलएफ–सीएसओ भागीदार जनजातीय परिवारों में खाद्य पर्याप्तता सुनिश्चित करने और आय बढ़ाने के लिए अनाज, दलहन, तिलहन, सब्जियां और फलों सहित विभिन्न फसलों को बढ़ावा दे रहे हैं। बीआरएलएफ अपने कृषि हस्तक्षेपों के क्रियान्वयन करने के लिए रणनीति के रूप में एनपीएम (गैर–कीटनाशक प्रबंधन) को अपनाने के लिए अपने सीएसओ भागीदारों को प्रोत्साहित कर रही है। एनपीएम दृष्टिकोण के लिए, बीआरएलएफ एक तकनीकी संसाधन संगठन का समर्थन कर रहा है जो तमिलनाडु के विरुधुनगर जिले में अपने कार्यान्वयन भागीदारों, सोशल एजुकेशन इकोनॉमिक डेवलपमेंट सोसाइटी (एसईडीएस) को सहायता प्रदान करता है। सीड्स एफपीओ के माध्यम से छोटे किसानों के साथ बाजार संबंधों को बढ़ावा देकर स्थायी एनपीएम कृषि को मजबूत करने का इरादा रखता है। यह परियोजना अक्तूबर 2018 में शुरू हुई और मार्च 2022 में समाप्त होगी।

बीआरएलएफ की आजीविका परियोजनाओं का प्रमुख लक्ष्य एवं उद्देश्य लक्षित परिवारों की समग्र जनजातीय आजीविका की स्थिति में सुधार करना है। प्रारंभ में, उत्पादन के लिए समर्थन दिया गया था। जैसा कि भागीदारों ने अपने स्थानों में किसानों के साथ एनपीएम अभ्यास में कौशल हासिल किया, यह महसूस किया गया कि एनपीएम मूल्य श्रृंखला और विपणन के निर्माण के लिए उन्हें समर्थन की आवश्यकता है। इसलिए इस संदर्भ में, बीआरएलएफ और एनपीएम नेटवर्क ने किसान उत्पादन संगठनों के मजबूतीकरण तथा उनकी बाजार की तैयारी में सुधार करने के लिए एनपीएम उत्पादन में ओडिशा और मध्य भारत में कार्य कर रहे 22 सीएसओ का सहयोग कर रहा है।

एस.ई.डी.ई.एस. भागीदारी के उद्देश्य

एस.ई.डी.ई.एस.–एनपीएम परियोजना का उद्देश्य कृषि में एनपीएम को बढ़ावा देने वाले बीआरएलएफ के भागीदारों की बाजार की तैयारी में सुधार करना है। यह परियोजना, पांच मध्य और पूर्वी भारत के राज्यों में 22 सीएसओ को लाभान्वित करते हुए "एनपीएम (गैर–कीटनाशक प्रबंधन) कृषि का अभ्यास करने वाले छोटे और सीमांत किसानों की बाजार की तैयारी में सुधार करने," वाली है। भागीदारों की मौजूदा क्षमताओं के आधार पर, एस.ई.डी.ई.एस. और एनपीएम नेटवर्क उनकी विशिष्ट जरूरतों को पूरा करेंगे और उन्हें बाजार के लिए तैयार होने की दिशा में सशक्त बनाया जाएगा। इसके लिए, भागीदारों को विभिन्न क्षेत्रों जैसे कि एफपीओ प्रबंधन, प्रत्ययी प्रबंधन में सर्वोत्तम अभ्यास, और मूल्य संवर्धन में पायलटों द्वारा प्रशिक्षित किया जाएगा।

एनपीएम परियोजना (एस.ई.डी.ई.एस.) के उद्देश्य निम्नानुसार है:

- समुदाय आधारित, उत्पादक नेतृत्व वाले किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) को बढ़ावा देने के लिए एनपीएम का समर्थन करने वाले भागीदारों की क्षमताओं को मजबूत करना।
- भागीदारों की बाजार की तैयारी को बढ़ाने हेतु, जो पहले से ही एफपीओ को बढ़ावा दे रहें हैं तथा उनके लिए खुले, संगठित बाजारों के साथ किसान समुदायों को जोड़ने के लिए बड़े पैमाने पर काम करने की संभावना बनाना।

वित्त वर्ष 2020–21 में एस.ई.डी.ई.एस.–एनपीएम प्रगति की मुख्य विशेषताएं

महामारी के दौरान, ऑनलाईन प्रशिक्षण की अनुगामी प्रगति की निगरानी के लिए भागीदार संगठनों के 10 से अधिक दौरे किए गए

फसल के बाद की विधियों तथा सुरक्षित खाद्य की उपभोक्ता जागरूकता पर किसानों को प्रशिक्षित करने के लिए दो फिल्में बनाई गई हैं।

एफपीओ गठन, सुदृढ़ीकरण और बाजार मानकों पर एस.ई.डी.ई.एस. और सेफ हार्वेस्ट प्राइवेट लिमिटेड के विशेषज्ञों द्वारा 15+ ऑनलाईन प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए। श्रॉफ फाउंडेशन ट्रस्ट, ग्राम सुधार समिति और फाउंडेशन फॉर इकोलॉजिकल सोसाइटी सहित 3 संगठनों ने अपने एफपीओ पंजीकृत किए हैं।

जेएसएमबीटी–समुहा से डी सरवानन द्वारा सभी एपीसी भागीदारों के लिए एनपीएम उत्पादों के लिए गुणवत्ता मानकों को बनाए रखने के लिए आंतरिक नियंत्रण प्रणाली स्थापित करने पर रायचूर, कर्नाटक में ऑनलाईन कोर्स आयोजित किया गया था।

ओडिशा के सभी भागीदारों के लिए सेंटर फॉर सस्टेनेबल एग्रीकल्चर के सहयोग से उन्नत एनपीएम पर ऑनलाईन कोर्स आयोजित किया गया था। सभी भागीदारों के 36 सदस्यों ने प्रशिक्षण में भाग लिया और कीट पहचान के लिए नवीनतम तकनीकों और सॉफ्टवेयर के बारे में सीखा। दो भागीदारों ने वहीं पर अपने फील्ड स्टाफ को भी प्रशिक्षित किया।

कृत्रिम रसायनों का उपयोग किए बिना एनपीएम उत्पादों के भंडारण के लिए 2,100 वायुरोधी लाइनर बैग सभी 21 भागीदारों के बीच एक पायलट परियोजना के हिस्से के रूप में वितरित किए गए हैं और 5 भागीदारों द्वारा किसानों के साथ प्रदर्शन (डेमो) सत्र आयोजित किए गए थे। इससे किसानों को 2 वर्षों तक उन बीजों और खराब न होने वाली वस्तुओं, जिनमें 14: से कम नमी होती है के भंडारण में सहायता मिली।

ग्राम सुधार समिति के एनपीएम किसानों से 7 टन एनपीएम फ्लैक्स बीज एकत्र किए गए तथा सेफ हार्वेस्ट प्राइवेट लिमिटेड को बेचे गए। फलस्वरूप, संगठन मार्च, 2021 में एफपीओ के रूप में पंजीकृत होने के लिए प्रेरित हुए।

साभुजीमा फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी से 10 टन एनपीएम इमली एकत्र की गई थी, जिसे सेंटर फॉर यूथ एंड सस्टेनेबल डेवलपमेंट द्वारा बढ़ावा दिया जाता है और सेफ हार्वेस्ट प्राइवेट लिमिटेड को बेचा जाता है।

4.3 विमुक्त / घुमंतू (डीएनटी / एनटी) जनजातीयां

बीआरएलएफ ने डीएनटी / एनटी गतिविधियों पर संगठन की सहायता और मार्गदर्शन करने के लिए श्री गिरीश प्रभुन (बीआरएलएफ ईसी सदस्य) की अध्यक्षता में डीएनटी / एन. टी पर एक उप–समिति का गठन किया। उप–समिति की अनुशंसा पर, बीआरएलएफ ने महाराष्ट्र के सोलापुर जिले के कुर्दुवाड़ी गांव में 150 पारधी परिवारों के जीवन और आजीविका में सुधार लाने के उद्देश्य से एक पायलट परियोजना प्रारंभ की। पायलट परियोजना 2019 के सितंबर

माह में प्रारंभ की गई तथा परियोजना स्थल पर रखे गए 4 व्यक्तियों की एक समर्पित टीम द्वारा इसका कार्यान्वयन किया गया। 8 सितंबर, 2020 को प्रगति की समीक्षा करने के पश्चात, उप–समिति ने परियोजना की गतिविधियों को विस्तृत करते हुए परियोजना को एक अतिरिक्त वर्ष तक बढ़ाने का निर्णय लिया। बीआरएलएफ टीम ने वर्ष 2020–21 के लिए इस पायलट परियोजना के कार्यान्वयन के लिए परियोजना गतिविधियों, अस्थायी बजट और परिचालन तंत्र को आगामी विकसित किया है। इस परियोजना का दूसरा चरण 1 दिसंबर, 2020 से एक वर्ष की अवधि के लिए प्रारंभ हुआ। वर्ष 2020–21 के लिए परियोजना का कुल बजट 0.17 करोड़ रुपए है।

2020–21 के लिए डीएनटी/एनटी परियोजना की मुख्य विशेषताएं

- 4 सदस्यों (3 सीआरपी और 1 टीम लीडर) की एक टीम की भर्ती की गई है और उनको नामित कार्यक्षेत्रों पर तैनात किया गया है। यह टीम बीआरएलएफ ईसी सदस्य श्री गिरीश प्रभुन के मार्गदर्शन में काम करती है।
- परियोजना क्षेत्र में प्रशिक्षण केन्द्र के निर्माण हेतु समुदाय के लिए सहमति पत्र का प्रारूप तैयार किया गया था। सामुदायिक समझौता कार्य चल रहा है। एक बार सामुदायिक समझौते को अंतिम रूप देने के बाद, निर्माण कार्य प्रारंभ हो जाएगा।
- समुदाय 14 गायों की देखभाल कर रहा है।
- परियोजना टीम ने नई गाय वितरण करने के लिए घरों का सर्वेक्षण किया।
- कमजोर और इच्छुक परिवारों के चयन के लिए गिरीश प्रभुन और समुदाय के साथ एक बैठक की योजना बनाई जा रही है।
- परियोजना टीम ने समुदाय के साथ एक क्षेत्र का सर्वेक्षण किया और सिंचाई के उद्देश्यों के लिए पाईपलाईन गतिविधियों हेतु एक उपयुक्त स्थल की पहचान करने में सहायता की है।
- पाईपलाईन का निर्माण पूरा हो चुका है और यह पाइपलाईन नहर से जुड़ती है और सिंचाई के लिए जल लाने में सहायता करती है।
- 2 एकड़ भूमि पर कृषि पद्धतियां और चारा पौधारोपण किया गया था।
- ज्वार को डेढ़ एकड़ भूमि में बोया गया है।
- आधा एकड़ भूमि में चारे (घास) का रोपण किया गया है।

4.4 वनाधिकार कानून (एफआरए) के तहत सामुदायिक वनाधिकार (सीएफआर) पर कार्य

2018 में बीआरएलएफ की कार्यकारिणी ने, श्री मोहनभाई हीरालाल की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया जिसका काम यह देखना था कि, वनाधिकार कानून के अंतर्गत सामुदायिक वनाधिकार के क्षेत्र में बीआरएलएफ के भागीदार किस तरह हस्तक्षेप कर सकते हैं। स्थापना से अब तक कमेटी की कई बैठकें आयोजित की हैं और बीआरएलएफ के भागीदारों के लिए एक कार्यशाला का भी आयोजन किया गया है ताकि इस मुद्दे पर काम करने के उपाय तलाशे जा सकें। इस कार्यशाला के मुख्य निष्कर्ष हैः–

- ऐसे जिले खोजे जाएं जहाँ पर सामुदायिक वनाधिकार पर काम नहीं हुआ है। इन क्षेत्रों में जागृति लाने के लिए अधिक मानव और अन्य संसाधनों की जरूरत है।
- सरकार द्वारा, जिला और विकास प्रखण्ड प्रशासन में नए जुड़ने वाले अधिकारियों का क्षमता विकास किया जाना चाहिए। उन्हें उन क्षेत्रों का अनुभव दिया जाना चाहिए जहाँ पर सीएफआर के क्षेत्र में समुदायों ने अच्छा काम किया है।
- ग्रामीण युवाओं के क्षमता विकास के लिए भी पहल की जानी चाहिए क्योंकि भविष्य में यही युवा जंगलों को संभालेंगे और राजनीति और अफसरशाही की चुनौतियों का सामना करेंगे।
- एफआरए के संयोजकों को स्थल पर नियुक्त किया जाना चाहिए ताकि वे दावों को निपटाने की प्रक्रिया को गति देने में सहायक हो सकें।
- एफआरए की राज्य, जिला और खण्ड स्तर की कमेटियां बनाई जाएं।
- युवाओं को आदिवासियों और वनवासियों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए बनाए गए कानून का प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए।
- यह निश्चित किया गया कि सीएफआर के संबंध में राज्य सरकारों तक पहुँचने से पहले हमें अपना गृहकार्य कर लेना चाहिए दृ सीएफआर के आंकड़े एकत्र करना, एमआईएस का रख–रखाव करना, इत्यादि।
- यह बहुत महत्वपूर्ण है कि सीएफआर की संचिका बनाने के लिए एक प्रशिक्षण पुस्तिका बनाई जाए जो स्थानीय भाषाओं में भी उपलब्ध हो।
- दावा दायर करने के लिए कानूनी दस्तावेजों की सूची बनाई जानी चाहिए।

Ganga Kaveri
BRAND
SEEDS
HYBRID MAIZE SEEDS
GK-3046
Ganga Kaveri
BRAND
SEEDS
HYBRID MAIZE SEEDS
GK-3046

- ऐसे दावे जो अस्वीकार हो गए हों उनकी भी एक सूची बनाई जानी चाहिए।
- क्षमता–विकास स्तम्भ को प्रशिक्षण का एक मानदण्ड विकसित करना चाहिए और ऐसी संस्थाओं की पहच. ान करनी चाहिए जो सीएफआर के दावे दर्ज करने की प्रक्रिया में प्रशिक्षण दे सकें।

12 मार्च, 2021 को, कमेटी ने "मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखण्ड तथा महाराष्ट्र में सीएफआरके क्षेत्र में संभावनाओं के आकलन व मानचित्रण" पर रिपोर्ट तैयार करने के लिए अशोका ट्रस्ट फॉर रीसर्च इन इकोलॉजी एण्ड एन्वायरमेंट (एटीआरईई) को आमंत्रित किया था। इस अभ्यास का उद्देश्य कार्यक्षेत्र में पहचाने गए सीएफआर के अभिज्ञान पर कार्य कर रही सरकारी एजेंसियों व नागरिक समाज समूहों दोनों को सक्षम बनाना, स्थानों पर लक्षित, तथा क्षेत्राधिकार का भी व्यक्तिगत गांवों में सामना करना था।

इन 4 राज्यों में, यह देखा गया कि लगभग 60,000 गांव, न्यूनतम 1,83,000 वर्ग किमी के क्षेत्र में एफआरए के तहत संभावित रूप से सीएफआर अधिकारों का दावा कर सकते हैं। इससे लगभग 6.26 करोड़ लोगों की कुल आजीविका को संभावित रूप से लाभ होगा, जिनमें अनुसूचित जनजाति के लगभग 2.36 करोड़ व्यक्ति और अनुसूचित जाति के लगभग 0.66 करोड़ लोग शामिल हैं (जनगणना 2011 के अनुसार)। तथापि, जब कोई वास्तविक सीएफआर अधिकारों की मान्यता के क्षेत्र के साथ क्षमता की तुलना करता है (जो कि ज्यादातर राज्यों में अन्य अधिकारों और दोहरी गिनती के साथ जुड़ने के कारण खुद का एक अधिक अनुमान है), तो हम पाते हैं कि आगे काम करने की संभावना है। वास्तव में, महाराष्ट्र (जहां सटीक आंकड़ा है) ने महत्वपूर्ण प्रगति की है (मान्यता प्राप्त अधिकार अनुमानित क्षमता का 23% है), जबकि अन्य राज्यों में मान्यता की सीमा बहुत कम है, झारखंड में सबसे कम केवल 2% है। संभावित और वास्तविक मान्यता के बीच इस अंतर को उजागर करके और सीएफआर संभावित क्षेत्रों की पहचान करने के लिए आवश्यक स्थानिक जानकारी प्रदान करके, रिपोर्ट एफआरए के सीएफआर प्रावधानों के पूर्ण कार्यान्वयन के लिए कुछ प्रोत्साहन प्रदान करती है।

इस अंतर को स्पष्ट करने द्वारा और सीएफआर संभावित क्षेत्रों की पहचान करने के लिए आवश्यक स्थानिक जानकारी प्रदान करके, विश्लेषण वन अधिकार अधिनियम 2006 (एटीआरईई रिपोर्ट, 2021, पी. 21) के इस प्रमुख प्रावधान के पूर्ण कार्यान्वयन के लिए कुछ प्रोत्साहन प्रदान करेगा।

4.5 सीएफआर पर तेलंगाना सरकार के साथ संभावित भागीदारी

समिति के मार्गदर्शन में, आदिलाबाद जिले में अवधारणा के एक पायलट की अवधारणा पर कार्य करने के लिए तेलंगाना सरकार के आदिवासी कल्याण विभाग के साथ साझेदारी का पता लगाया जा रहा है। आदिवासी कल्याण आयुक्त, तेलंगाना सरकार के साथ उप–समिति की बैठकें आयोजित की गई थी, जिसमें इन विचारों तथा उनके संचालन पर चर्चा की गई थी। उम्मीद है कि आने वाले वित्तीय वर्ष में साझेदारी को और मजबूत किया जाएगा।

राज्य	इस अध्ययन से संभावित न्यूनतम सीएफआर	स्टेट्स रिपोर्ट के अनुसार स्वीकृत सामुदायिक अधिकार क्षेत्र
छत्तीसगढ़	53,843 किमी²	8,252 किमी² (15%)
मध्य प्रदेश	57, 948 किमी²	5,931 किमी² (10%)
झारखण्ड	21, 175 किमी²	420 किमी² (2%)
महाराष्ट	50, 264 किमी²	11,769 किमी² (23%)

नोटः दिए गए क्षेत्र का स्रोत जनजातीय मामले मंत्रालय की वेबसाइट पर जनवरी 2020 की मासिक प्रगति रिपोर्ट है, महाराष्ट्र को छोड़कर, जहां अधिक विस्तृत आंकड़े जनजातीय अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, पुणे से आए हैं।

स्रोतः एटीआरईई रिपोर्ट, 2021

5. जनजातीय मामले मंत्रालय का श्रेष्ठता केंद्र-बीआरएलएफ

वर्ष 2019 में बीआरएलएफ और भारत सरकार के जनजातीय मामलों के मंत्रालय (मोटा) के बीच एक महत्वपूर्ण भागीदारी की शुरूआत की गई। मोटा ने बीआरएलएफ को अपना एक श्रेष्ठता–केंद्र घोषित किया है और निवेदन किया कि, श्रेष्ठता केंद्र के रूप में बीआरएलएफ मंत्रालय के कुछ कामों की जिम्मेदारी ले– नागरिक सामाजिक संस्थाओं का चयन, पश्चिम बंगाल में ऊषर–मुक्ति परियोजना पर शोध, नागरिक सामाजिक संगठनों को दिए जाते अनुदान योजना का मूल्यांकन करने सहित दो परियोजनाएं प्रदान की हैं।

5.1 मोटा के नागरिक सामाजिक संगठनों का चयन

आदिवासी आबादी में विकास के अंतर को कम करने के लिए, मोटा, अपनी अनेक सहायक अनुदान योजनाओं के माध्यम से गैर सरकारी संगठनों को उनके विशिष्ट लक्ष्य केंद्रित योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए आर्थिक मदद देता है। इन परियोजनाओं का कार्यान्वयन स्थानीय गैर सरकारी संगठन करते हैं जिनका चयन यथोचित निरीक्षण के आधार पर किया जाता है। योजना का उद्देश्य पिछड़े और अभावग्रस्त आदिवासी क्षेत्रों में सरकार की शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण, नवप्रवर्तन संबंधी कल्याणकारी योजनाओं को पहुँचाना और अनुसूचित जाति के लोगों के आर्थिक–सामाजिक विकास की योजनाओं का एकीकृत, समन्वित और योजनाबद्ध रूप से कार्यान्वयन करना है। नागरिक सामाजिक संगठनों की कुल संख्या बहुत बड़ी है और उनमें से चयन करने की प्रक्रिया श्रमसाध्य और समयसाध्य है। अतः मंत्रालय द्वारा सोचा गया कि एक ऐसा तंत्र विकसित किया जाए जिससे संभावित संगठनों को आसानी से पहचाना जा सके।

इस वर्ष मंत्रालय को शिक्षा, स्वास्थ्य, नवप्रवर्तन जैसे विषयों पर बड़ी संख्या में प्रस्ताव मिले हैं। भारत रूरल लाइवलीहु. ड्स फाउण्डेशन की नागरिक सामाजिक संगठनों को चुनने और उन्हें सहयोग उपलब्ध कराने के मामले में विशेष क्षमता को देखते हुए मोटा ने बीआरएलएफ को इन बड़ी संख्या में प्राप्त हुए प्रस्तावों में से, गहन जाँच प्रक्रिया से श्रेष्टतम प्रस्तावों को चुनने का काम दिया है।

5.2 नागरिक सामाजिक संगठनों के चयन के विभिन्न चरण

चरण I: प्री–फण्डिंग अप्रेजल– अनुदान पूर्व आंकलन–I

अनुदान पूर्व आंकलन (पीएफए)–। जांच प्रक्रिया का प्रथम चरण है। इसका उद्देश्य संगठन के वैधानिक अनुपालन को जांचना और सत्यापित करना – क्या सभी जरूरी दस्तावेज उपलब्ध हैं या नहीं। अगर कोई संगठन दस्तावेज नहीं दे पाया तो, उस संगठन को एक नियमित समय के अंदर दस्तावेज प्रस्तुत करने का एक और अवसर दिया गया। जब सभी संगठनों द्वारा दस्तावेज प्रस्तुत कर दिए गए तब कमेटी ने दस्तावेजों की वैधता और सत्यता को परखा।

चरण II: डेस्क अप्रेजल

जांच प्रक्रिया का दूसरा चरण डेस्क अप्रेजल है। डेस्क मूल्यांकन का मुख्य उद्देश्य संगठन की क्षमता का मूल्यांकन करना है – परियोजना का बजट, औचित्य और संगठन का पूर्वानुभव। सभी संगठनों का मूल्यांकन करने के लिए, अनुशंसित संगठनों के लिए एक प्रारूप तैयार किया गया और उसे पहले चरण के बाद साझा किया गया।

परियोजना के चयन के लिए नीचे दिए वैधानिक अनुपालन

जांच प्रक्रिया का दूसरा चरण डेस्क अप्रेजल है। डेस्क मूल्यांकन का मुख्य उद्देश्य संगठन की क्षमता का मूल्यांकन करना है – परियोजना का बजट, औचित्य और संगठन का पूर्वानुभव। सभी संगठनों का मूल्यांकन करने के लिए, अनुशंसित संगठनों के लिए एक प्रारूप तैयार किया गया और उसे पहले चरण के बाद साझा किया गया।

परियोजना के चयन के लिए नीचे दिए गए मापदण्ड निश्चित किए गए:–

- **वर्ग – I:** 70% अथवा अधिक प्राप्तांक
- **वर्ग – II:** 60% से अधिक किंतु 70% से कम प्राप्तांक
- **वर्ग – III:** 40% से 60% के बीच प्राप्तांक
- **अस्वीकृति:** 40% से कम प्राप्तांक

चरण III: नागरिक सामाजिक संगठनों द्वारा प्रस्तुतियां

जाँच प्रक्रिया के तीसरे चरण में नागरिक सामाजिक संगठनों द्वारा प्रस्तुती प्रस्तुत की जाती है। इस चरण में चुने गए संग. ठनों को दिल्ली में एक कमेटी के समक्ष प्रस्तुती देनी थी, इस कमेटी में मोटा के निदेशक और संयुक्त सचिव भी शामिल थे। किंतु कोविड–19 के चलते लॉकडाउन होने के कारण मोटा ने इन प्रस्तुतियों को ऑनलाईन लेने का निर्णय लिया है।

अंतिम चयन

वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए मोटा को देश के विभिन्न भागों से 118 प्रस्ताव मिले। 18 प्रस्तावों में से 14 प्रस्तावों को शामिल नहीं किया गया क्योंकि वे नवप्रवर्तन परियोजनाओं के अंतर्गत आते थे। बीआरएलएफ ने जनजातीय मामले मंत्रालय को दिए गए, बाकी के 104 प्रस्तावों की स्क्रीनिंग की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। बीआरएलएफ द्वारा की गई जाँच के आधार पर मंत्रालय अंतिम चयन करेगा।

5.3 शोध अध्ययन

मंत्रालय द्वारा 1 अप्रैल, 2008 को सहायता अनुदान योजना प्रारंभ की गई थी, जिसका उद्देश्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की पहुंच बढ़ाना और सेवा के अभाव वाले आदिवासी क्षेत्रों में सेवाओं (यथा शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, कृषि–बागवानी उत्पादकता, और सामाजिक सुरक्षा के लिए) में अंतराल को भरना था । योजना के तहत, जनजातीय मामले मंत्रालय द्वारा निर्धारित वित्तीय मानदंडों और नियमों और शर्तों के अधीन स्वैच्छिक संगठनों/गैर सरकारी संगठनों को तीन साल के लिए 100% अनुदान सहायता स्वीकृत की गई है।

बीआरएलएफ के अनुसंधान और ज्ञान कार्यक्षेत्र को योजना के मूल्यांकन अध्ययन करने के लिए मोटा के सांख्यिकी और दस्तावेज प्रभाग से अनुदान सहायता प्राप्त हुई। इस अनुदान के तहत अनुसंधान स्तम्भ अनुसूचित जनजातियों (अधिक विवरण के लिए अनुसंधान पर अध्याय देखें) के स्वास्थ्य और शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए योजना की प्रक्रियाओं तथा राज्य, वीओ/एनजीओ और सामुदायिक क्षमताओं पर इसके प्रभाव का पता लगाया जाएगा।

6. क्षमता निर्माण

क्षमता निर्माण (सीबी) बीआरएलएफ का एक मुख्य कार्यस्तम्भ है, जिसके अंतर्गत बीआरएलएफ देश में, वर्तमान और भावी व्यवसायियों के लिए उन क्षमताओं के निर्माण के लिए कार्य करता है जो जमीनी स्तर पर अन्यथा उपलब्ध नहीं होती हैं।

क्षमता निर्माण (सीबी) बीआरएलएफ का एक मुख्य कार्यस्तम्भ है, जिसके अंतर्गत बीआरएलएफ देश में, वर्तमान और भावी व्यवसायियों के लिए उन क्षमताओं के निर्माण के लिए कार्य करता है जो जमीनी स्तर पर अन्यथा उपलब्ध नहीं होती हैं।

वर्ष 2020–21 में निम्नलिखित क्षमता निर्माण क्षेत्रों पर अपना ध्यान केंद्रित किया गया है:–

- ग्रामीण आजीविक में प्रमाणपत्र कार्यक्रम (सीपीआरएल)
- ग्रामीण प्रबंधन में एमबीए
- सीपीआरएल के पूर्व छात्रों के लिए अल्पकालिक रिफ्रेशर प्रमाणपत्र कोर्स
- डिजिटल टूल्स के माध्यम से दक्षता (ईडीआईटी)

6.1 ग्रामीण आजीविका में प्रमाणपत्र कार्यक्रम (सीपीआरएल)

ग्रामीण आजीविका में प्रमाणपत्र कार्यक्रम (सीपीआरएल) भारत रूरल लाइवलीहुड्स फाउंडेशन और आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी, जयपुर का ग्रामीण आदिवासी व्यवसायियों की क्षमता–निर्माण के लिए किया गया संयुक्त प्रयास है। ग्रामीण रोजगार प्रमाणपत्र कार्यक्रम उन वर्तमान और भावी, आदिवासी ग्रामीण व्यवसायियों (18–40 वर्ष) की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया गया है जो गैर सरकारी संगठनों के माध्यम से, सरकारी संस्थाओं और कार्यक्रमों के माध्यम से या पंचायती राज संस्थान के चुने हुए सदस्यों के रूप में ग्राम विकास क्षेत्र में उप–जिला स्तर पर काम करेंगे।

सीपीआरए लक्षित समूहों तथा विभिन्न संस्थागत भागीदारों (सरकार और नागरिक सामाजिक संगठन) के लिए ग्रामीण

नियोक्ता संगठन

प्रगति अभियान	धरती	सेवा
नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर रिसर्च इन ट्राईबल हेल्थ	वन विभाग	वीएसके
सपोर्ट	ग्राम गौरव संस्था	उद्योगिनी
हर्षा ट्रस्ट	टीएसआरडीएस	परहित
एफईएस	ऊषर–मुक्ति प्रोजेक्ट	विकल्प
समर्थ चेरिटेबल ट्रस्ट	ग्राम सुधार समिति	युवा मित्र
लोकदृष्टि	सेवा	लुपिन फाउंडेशन
वीईसीडीए	एसजीवीएस	उद्योगिनी
समाज प्रगति सहयोग	एमजेवीएस	शरदेई फाउंडेशन
एग्रोक्रापट्स रूरल डवेल्पमेंट सोसाईटी	एसपीडब्ल्यूडी	आदिवासी एचओ समाज महाराष्ट्र
चौपाल	एसआईडीआई	एसएसजेवीएस

आजीविका पर क्षमता निर्माण मॉड्यूल की शृंखला से युक्त है। यह एक बहु–केंद्र, बहु–विषयक अद्वितीय कार्यक्रम है जिसमें आईटी–आधारित क्षेत्र–आधारित शिक्षण अध्यापन की ओर एक मजबूत पूर्वाग्रह है।

सीपीआरएल के पहले बैच का शुभारंभ 15 नवम्बर 2016 को हुआ था। मार्च 2021 तक, 174 युवाओं के 6 बैच सीपीआरएल समूह के भाग थे। 146 युवकों ने कोर्स को सफलतापूर्वक पूरा किया है और विभिन्न नागरिक सामाजिक संगठनों और पंचायती राज संस्थाओं में जमीनी स्तर पर कार्य कर रहे हैं। 28 युवक 12 दिसम्बर को प्रारंभ हुए 6वें समूह में 28 युवक नामांकित हुए थे। तथापि, कोविड–19 महामारी के कारण यह बैच लंबित रखा गया है।

सीपीआरएल स्नातकों की प्रोफाइल

पहले छह बैचों में 128 पुरुष और 46 महिला उम्मीदवार हैं। 174 युवक मध्य भारत के जनजातीय क्षेत्र के सात राज्यों से संबंधित हैं।

सीपीआरएल पूर्व–छात्रः भौगोलिक विस्तार



- छत्तीसगढ़
- ओड़िशा
- झारखण्ड
- राजस्थान
- मध्य प्रदेश
- पश्चिम बंगाल
- महाराष्ट्र

सीपीआरएल स्नातकों की वर्तमान स्थिति



- सीएसओ / पंचायत / सरकारी एजेंसी में कार्य
- उद्यमी
- अन्य क्षेत्र
- उच्चतर अध्ययन
- नौकरी के लिए देखना

सीपीआरएल के पूर्व छात्रों की नियुक्ति

क्षमता निर्माण स्तम्भ सीपीआरएल के पूर्व–छात्रों की नियुक्ति में कार्यरत है तथा उन्हें रोजगार, छात्रवृत्ति व अन्य क्षेत्रों में अन्य क्षेत्र–संबंधी अवसरों के बारे में भी सूचित करता है। वित्त वर्ष 2020–21 के लिए, सीपीआरएल के पूर्व–छात्रों ने तीन मुख्य कार्यक्रमों में भाग लिया है।

जीओएएल कार्यक्रम

जनजातीय मामले मंत्रालय (मोटा) के नेतृत्व में फेसबुक इंडिया द्वारा जीओएएल (गोइंग ऑनलाईन एज़ लीडर्स) एक डिजिटल रूप से सक्षम मेंटरशिप पहल है, जो 5,000 आदिवासी युवाओं को डिजिटल तकनीक की शक्ति का उपयोग करके कल के लिए नेता बनने के लिए सशक्त बनाता है। यह कार्यक्रम 15 मई 2020 को प्रारंभ किया गया था। यह मुख्य रूप से आदिवासी क्षेत्रों में रहने वाले युवाओं के क्षमता निर्माण पर केंद्रित है, जो उन्हें अपने आत्मविश्वास को बढ़ाने से प्रेरित, मार्गदर्शन और प्रोत्साहित करेगा तथा उनमें उच्च आशाओं को प्रेरित करेगा। अर्जित कौशल और कौशल, उन्हें नेतृत्व कौशल हासिल करने, अपने समाज में समस्याओं की पहचान करने, चुनौतियों से निपटने के लिए समाधान खोजने और समाज में अपनी आजीविका और सामाजिक–आर्थिक स्थिति का समर्थन करने के लिए अपने ज्ञान का उपयोग करने में मदद करेगा।

